रांची, रविवार, 15 जून 2025
संवत 2082, आषाढ़ कृष्ण चार मूल्य 2 रुपये
वर्ष-8, अंक 281 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक

4 ▶▶ टिकाऊ खेती में खरपतवार नियंत्रण का महत्व



कैटरीना कैफ को पसंद आया देवर सनी का रैप सॉन्ग मिड एयर फ्रीवर्स ◀◀ 6

# केदारनाथ से गुप्तकाशी आ रहा हेलिकॉप्टर क्रैश, सात की मौत

## ● खराब मौसम की वजह से हुआ हादसा ● दो दिन हेली सेवा पर रोक



**संवाददाता**

**उत्तराखंड :** केदारनाथ धाम में रविवार सुबह एक बार फिर बड़ा हादसा हो गया। केदारनाथ रूट पर श्रद्धालुओं को ले जा रहा एक हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, हेलिकॉप्टर में पायलट सहित कुल 7 लोग सवार थे और सभी के मारे जाने की आशंका जताई जा रही है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, यह हादसा गौरीकुंड और त्रिजुगीनारायण के बीच हुआ। हादसे का शिकार हुआ हेलिकॉप्टर आर्यन कंपनी का बताया जा रहा है। हादसे का मुख्य कारण खराब मौसम को माना जा रहा है। उत्तराखंड के एडीजी लॉ एंड ऑर्डर डॉ। वी। मुरुगेशन ने बताया कि यह हेलिकॉप्टर देहरादून से केदारनाथ की ओर जा रहा था, लेकिन गौरीकुंड के पास यह लापता हो गया। इसके बाद खबर मिली कि हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया है।

**पहले भी हो चुके हैं हादसे:** गौरतलब है कि इस साल की चारधाम यात्रा के दौरान कई बार हेलिकॉप्टर हादसे हो चुके हैं। कुछ हेलिकॉप्टरों की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। बीच सड़क पर भी हेलिकॉप्टर की क्रैश लैंडिंग की घटनाएं सामने आईं। यात्रा शुरू होते ही एक हेलिकॉप्टर क्रैश हुआ था, जिसमें कई लोगों की मौत हुई थी। इन घटनाओं से यात्रियों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।

कम किए गए हैं हेलिकॉप्टर के फेरे: लगातार हो रहे हादसों को देखते हुए नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने केदारनाथ रूट पर हेलिकॉप्टर सेवा के फेरे कम कर दिए हैं। पहले जहां रोजाना 200 से 250 फेरे होते थे, अब उन्हें 60 फेरे कम कर दिया गया है। गुप्तकाशी से अब हर घंटे में सिर्फ दो बार ही हेलिकॉप्टर उड़ान भर सकेगा। कुल मिलाकर 8 घंटे में सिर्फ 16 उड़ानें ही संचालित की जाएंगी। डीजीसीए ने इस रूट पर कड़े नियम लागू कर दिए हैं ताकि आगे कोई और हादसा न हो।

जांच के आदेश और आगे की कार्रवाई: हादसे के बाद प्रशासन ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिए हैं। मौके पर राहत टीमें भेज दी गई हैं और हेलिकॉप्टर क्रैश के सटीक कारणों की जांच की जा रही है। यात्रियों और पायलट के परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है।

## हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं पर सीएम धामी सख्त, एसओपी लागू करने का आदेश



तकनीकी स्थिति की पूर्ण जांच और उड़ान से पहले मौसम की सटीक जानकारी प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

**देहरादून :** उत्तराखंड में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हेली सेवाओं के संचालन को लेकर कड़े निर्देश जारी किए हैं। प्रदेश में हेलीकॉप्टर संचालन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सख्त मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) लागू करने का आदेश दिया गया है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि हेलीकॉप्टर की

बता दें कि कोई भी हादसा होने पर कुछ देर संचालन रोक दिया जाता है। सेवा देने वाली कंपनियों की सुरक्षा मानकों की पुनः जांच होती है । उसके बाद ही संचालन शुरू किया जाता है। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को निर्देश दिए हैं कि तकनीकी विशेषज्ञों की एक समिति का गठन किया जाए, जो हेली संचालन के सभी तकनीकी और सुरक्षा पहलुओं की गहन समीक्षा कर एक व्यापक एसओपी तैयार करेगी। समिति यह सुनिश्चित करेगी कि हेली सेवाएं पूरी तरह सुरक्षित, पारदर्शी और निर्धारित मानकों के अनुरूप हों। समिति को जल्द से जल्द अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया है।

साथ ही, मुख्यमंत्री धामी ने पूर्व में हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटनाओं की जांच के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति को रविवार को हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटना की भी गहन जांच करने के निर्देश दिए हैं। यह समिति प्रत्येक घटना के कारणों का गहराई से विश्लेषण करेगी और दोषी व्यक्तियों या संस्थाओं की पहचान कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की सिफारिश करेगी। धामी ने कहा कि हेली सेवाएं तीर्थाटन, आपदा प्रबंधन और आपातकालीन सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण हैं, इसलिए इनमें सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी।

## हेलिकॉप्टर हादसे पर सीएम हेमंत सोरेन ने जताया दुःख



**रांची:** उत्तराखंड में केदारनाथ के पास आज रविवार की सुबह करीब 5:30 बजे एक प्राइवेट कंपनी का हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में हेलीकॉप्टर पर सवार 6 श्रद्धालुओं समेत 7 लोगों की मौत हो गयी, जिसमें पायलट और एक बच्चा भी शामिल है। इस दुखद घटना ने एक बार फिर से भारत वासियों के मन को झकझोर कर रख दिया है। इसी बीच झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस दुखद घटना पर शोक प्रकट किया है। सीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, केदारनाथ से गुप्तकाशी जा रहे हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से 5 श्रद्धालुओं की मृत्यु की दुःखद सूचना मिली है। मरांग बुरु दिवगंत लोगों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की घड़ी सहन करने की शक्ति दें।

## तड़का गिरने से घर में लगी आग, पति-पत्नी और दो बच्चियों की जलकर मौत

**प्रयागराज:** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के बारा क्षेत्र में घास-फूस के छप्पर पर आकाशीय बिजली गिरने से उसमें सो रहे एक ही परिवार के चार सदस्यों की जलकर मौत हो गई। बारा थाना प्रभारी कृष्ण मोहन सिंह ने बताया कि यमुनागर के बारा थाना क्षेत्र में सोनबरसा गांव निवासी वीरेंद्र वनवासी, पत्नी पार्वती और दो बेटियों राधा (3) एवं करिश्मा (2) कच्चे मकान में रहते थे। उनके मकान पर फूस का छप्पर पड़ा हुआ था। शनिवार की रात परिवार के चारों लोग खाना खाकर इसी के नीचे सो रहे थे।

उन्होंने बताया कि आधी रात के बाद किसी समय बादलों में तेज गडगडाहट के साथ बिजली कौंधी और वीरेंद्र के छप्पर पर गिरी जिससे छप्पर में आग लग गई। देखते-देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। वे बाहर नहीं निकल सके। ग्रामीणों ने जब तक आग बुझाई, तब तक सभी लोगों की जिंदा जलने से मौत हो चुकी थी।

पुलिस ने वीरेंद्र ,पार्वती और दोनों बेटियों के कंकाल को समेटने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद एसडीएम, तहसीलदार और जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। शासन और प्रशासन से दैवीय आपदा के तहत प्रभावित परिवार को हर संभव सहायता प्रदान कराई जाएगी।

## भ्रष्टाचार के खिलाफ जिंदगी की जंग हार गए पंचायत सेवक, आज रिम्स में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी



- बीडीओ समेत चार पर लगाया था अपमानित करने का आरोप
- तंग आकर सुखराम महतो ने खाया था कीटनाशक

**संवाददाता**

**रांची:** डुमरी के पंचायत सेवक सुखराम महतो रविवार को जिंदगी की जंग हार गए। रांची के रिम्स अस्पताल में उन्होने दम तोड़ दिया। डुमरी विधायक जयराम महतो को पत्र लिखकर सुखराम महतो ने बीडीओ, मुखिया पति समेत चार के खिलाफ अपमानित करने का आरोप लगाया था। भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे सुखराम ने तंग आकर कीटनाशक खाकर जान देने की कोशिश की थी। जयराम महतो ने मंत्री दीपिका पांडे सिंह से की कार्रवाई की मांग, इऊ्ड पर लगे मानसिक प्रताड़ना के आरोप को लेकर लिखी चिट्ठी गिरिडीह के बाद धनबार फिर रांची के रिम्स में उनका इलाज करते हुए जिंदगी बचाने की डॉक्टरों ने पूरी कोशिश की लेकिन आखिरकार रविवार को उनकी मौत हो गई। शनिवार को डुमरी विधायक जयराम महतो ने ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह को चिट्ठी लिखकर कार्रवाई की मांग की थी और शनिवार शाम को रिम्स जाकर सुखराम के स्वास्थ्य का हाल जाना था। मौत की खबर मिलने के बाद जयराम महतो ने बलथरिया पंचायत सचिव सुखराम महतो को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वो भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग हार गए। उन्होंने इस मामले में दोषी अधिकारी के खिलाफ हत्या का मामला चलाने की मांग की। बीडीओ समेत अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने और बीडीओ को नौकरी से बर्खास्त करने की मांग की। इसके साथ ही सुखराम के परिवार को 50 लाख रुपये की सहायता देने की मांग जयराम महतो ने की।

### पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर मातम

## डेड बॉडी लेकर जा रही एम्बुलेंस की पिकअप से जोरदार टक्कर, पांच की मौत




**अमेठी:** उत्तर प्रदेश में रविवार को अमेठी जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। यह हादसा पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर हुआ, जहां एक तेज रफ्तार एम्बुलेंस और पिकअप गाड़ी की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में एम्बुलेंस में सवार 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, हादसा बाजारशुक्ल थाना क्षेत्र के अंतर्गत पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर माइल स्टोन संख्या 59।700 के पास हुआ। जानकारी के अनुसार, एम्बुलेंस लखनऊ से एक शव को लेकर गाजीपुर की ओर जा रही थी। उसी दौरान सामने से आ रही पिकअप गाड़ी से जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और यूपीडा की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घायल व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने जताया शोकः अमेठी के इस भीषण हादसे की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा दुख जताया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है। साथ ही अधिकारियों को तुरंत मौके पर पहुंच कर राहत और बचाव कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने घायलों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए हैं।

**पुलिस कर रही जांचः** फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि दोनों वाहनों की रफ्तार काफी तेज थी, जिससे यह हादसा हुआ।

### अहमदाबाद विमान हादसा

## 248 शवों के लिए गए डीएनए सैंपल, अब तक 31 हुए मैच, 20 शव परिजनों को सौंपा गया



**अहमदाबाद :** अहमदाबाद विमान हादसे में मरने वालों का आंकड़ा 275 पहुंच गया। रविवार सुबह तक 248 शवों के डीएनए सैंपल लिए गए। इनमें से 31 मैच हुए हैं, जिनमें से 20 शव परिजन को सौंपे गए हैं। उनके डेथ सर्टिफिकेट भी उपलब्ध कराए गए। वहीं विजय रूपाणी के शव की पहचान की प्रक्रिया अब भी जारी है।

एम्बुलेंस के जरिए सिक्योरिटी के साथ शवों को उनके गृहनगर पहुंचाया जा रहा है। इसके लिए 230 टीमें बनाई गई हैं, जो मृतकों के परिजनों के सीधे संपर्क में हैं। 192 एम्बुलेंस और वाहन स्टैंडबाय पर हैं। हादसे में जान गंवाने वाले विदेशी नागरिकों में से 11 के परिजन आज अहमदाबाद पहुंच सकते हैं। शवों को रखने के लिए 170 ताबूत बनाने का ऑर्डर दिया गया है। इनमें से करीब 100 ताबूत वडोदरा से अहमदाबाद लाए गए हैं। बाकी के ताबूत बनाने का काम जारी है। डीजीसीए के आदेश पर एअर इंडिया ने अपनी फ्लीट में शामिल 9 बोइंग 787 ड्रीमलाइनर की वन-टाइम सेफ्टी चेकिंग की। 24 विमानों की चेकिंग होनी बाकी है। एयरलाइन के पास 26 बोइंग 787-8 और सात बोइंग 787-9 हैं।

### पीएम मोदी तीन देशों की यात्रा पर रवाना, कहा-

## आतंकवाद से निपटने के लिए वैश्विक समझ बढ़ाने का अवसर




**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया की तीन देशों की यात्रा पर जाने से पहले एक आधिकारिक बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि यह आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से निपटने के लिए वैश्विक समझ को बढ़ाने का एक अवसर है।

नरेंद्र मोदी डॉट इन पर प्रधानमंत्री मोदी का बयान जारी किया गया है। लिखा है, आज मैं साइप्रस गणराज्य, कनाडा और क्रोएशिया की तीन देशों की यात्रा पर जा रहा हूं। 15-16 जून को मैं राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के निमंत्रण पर साइप्रस गणराज्य का दौरा करूंगा। साइप्रस भूमध्यसागरीय क्षेत्र और यूरोपीय संघ का एक महत्वपूर्ण साझेदार है। यह यात्रा ऐतिहासिक बंधनों को मजबूत करने और व्यापार, निवेश, सुरक्षा, प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में हमारे संबंधों का विस्तार करने और लोगों के बीच आदान-प्रदान को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने कहा, मैं साइप्रस से, प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के निमंत्रण पर जी 7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कनाडा के कनानास्किस की यात्रा करूंगा। शिखर सम्मेलन में महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों और वैश्विक दक्षिण की प्राथमिकताओं पर विचारों के आदान-प्रदान के लिए मंच उपलब्ध होगा। मैं साझेदार देशों के नेताओं के साथ बातचीत करने के लिए भी उत्सुक हूं। 18 जून को मैं क्रोएशिया गणराज्य की अपनी यात्रा तथा राष्ट्रपति जोरान मिलनोविच और प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेंकोविच के साथ बैठकों की प्रतीक्षा कर रहा हूं। हमारे दोनों देशों के बीच सदियों पुराने घनिष्ठ सांस्कृतिक संबंध हैं। किसी भारतीय प्रधानमंत्री की क्रोएशिया की पहली यात्रा के रूप में, यह पारस्परिक हितों के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग के लिए नए रास्ते खोलेगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने बयान में कहा कि तीन देशों की यह यात्रा, सीमापार आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई में भारत को लगातार समर्थन देने के लिए साझेदार देशों को धन्यवाद देने और आतंकवाद से निपटने के लिए वैश्विक समझ को प्रेरित करने का एक अवसर भी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने इससे पहले एक्स पर कहा , मैं कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लूंगा, जो विभिन्न वैश्विक मुद्दों पर विचारों के आदान-प्रदान और ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर विस्तार से चर्चा करने के लिए एक बड़ा मंच प्रदान करेगा।

### ट्रंप की ईरान को कड़ी चेतावनी

## 'अगर हमला हुआ तो पूरी अमेरिकी सेना आप पर टूट पड़ेगी'

**वॉशिंगटन :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को ईरान को कड़ी चेतावनी दी। ट्रंप ने कहा कि अगर ईरान ने कोई दुस्साहस किया तो अंजाम ऐसा होगा, जो उसने न तो पहले कभी देखा होगा और न ही कभी सोचा होगा। ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब इस्त्राइल ने तेहरान में ईरान के रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय को निशाना बनाया। इस्त्राइल ने शनिवार को ईरान के बुशहर प्रांत में साउथ पारस गैस फील्ड से जुड़ी एक प्राकृतिक गैस प्रसंस्करण इकाई पर भी हमला किया।

यह कहते हुए कि ईरान पर इस्त्राइल के हमलों में अमेरिका की कोई भूमिका नहीं थी, ट्रंप ने दावा किया कि वह ईरान और इस्त्राइल के बीच आसानी से समझौता करवा सकते हैं और इस संघर्ष को रुकवा सकते हैं। इससे पहले रविवार को ईरान ने तेहरान और वाशिंगटन डीसी के बीच परमाणु वार्ता के छठे दौर को रद्द कर दिया था।

न्यूज़ ब्रीफ



## यूनेस्को की को-चेयर बनीं डॉ. सोनाझारिया मिंज, मुख्यमंत्री ने दी बधाई

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सिदो-कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका की पूर्व कुलपति डॉ. सोनाझारिया मिंज ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उन्हें यूनेस्को की को-चेयर पर्सन नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह झारखंड के लिए गर्व का विषय है कि डॉ. मिंज जैसे विदुषी महिला को यह अंतरराष्ट्रीय जिम्मेदारी मिली है। उन्होंने विश्वास जताया कि डॉ. सोनाझारिया मिंज यूनेस्को में सह-अध्यक्ष के रूप में आदिवासी भाषा, संस्कृति, विरासत और ज्ञान प्रणाली को वैश्विक मंच पर मजबूती से प्रस्तुत करेंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा, मैं समस्त झारखंडवासियों, विशेष रूप से आदिवासी समुदाय की ओर से डॉ. मिंज को शुभकामनाएं देता हूं। उनका यह दायित्व राज्य के आदिवासी समाज के लिए गौरव की बात है, जिससे उनके आत्मनिर्णय के अधिकार एवं सांस्कृतिक पहचान को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलेगी। डॉ. मिंज की यह उपलब्धि झारखंड सहित पूरे देश के आदिवासी समुदायों के लिए प्रेरणा का स्रोत मानी जा रही है।

## अनूप सिंह मुंडा को दी गयी अंतिम सलामी



**मुरी:** झारखंड पुलिस में कार्यरत अनुप सिंह मुंडा को सिल्ली पुलिस ने सलामी देकर सम्मान दिया। अनूप सिंह मुंडा के पैतृक गांव बन्ता- धर्म पुर में शोक की लहर है। 2017 में झारखंड पुलिस में कुक के पद पर नौकरी ज्वाइंन किया था। गुमला जिले के जिला में पदस्थापित था। परिजन ग्राम प्रधान बासुदेव सिंह मुंडा ने बताया कि बुंडु कालेज से पढ़ाई की थी।एम ए किया हुआ था। उनके पिता स्व मनमोहन सिंह मुंडा सरकारी टीचर थे। उनका गांव सिल्ली मेन रोड से आठ किलोमीटर काफी ऊंचाई पर स्थित है। काफी ऊंचाई पर स्थित होने के कारण कश्मीर जैसे दृश्य लगता है। जंगली हाथियों से प्रभावित क्षेत्र है। मृत्यु का कारण मेडिकल कारण बताया।

## पति की प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने लगाई फांसी, मौत

**चतरा:** प्रतापपुर थाना क्षेत्र के घोरीघाट के विगनाडीह गांव निवासी पिंकी देवी(24 वर्ष) पति मुकेश यादव ने शनिवार को फंसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला ने पति रवैये से तंग आकर फांसी लगायी है। घटना की सूचना पाकर प्रतापपुर पुलिस ने शव को कब्जा लेकर थाना ले आयी है। इस संबंध में मृतक के परिजनो ने बताया कि पति मुकेश यादव हमेशा पत्नी के साथ गाली-गलौज व मारपीट करता था।मारपीट से तंग आकर महिला ने घर में कमरे को अंदर से बंद कर साड़ी के फंदे से फंसी लगा ली।परिजनो ने घर का दरवाजा खुलवाया, नही खुलने के बाद लोगो ने खपरैल मकान को तोड़ कर शव को बाहर निकाला। महिला मौत की सूचना उसके माईके वाले को दी गई। मृत महिला की मॉ सहोद्री देवी ने बताया की मेरा दमाद हमेशा बेटी के साथ मारपीट करते रहते थे। मारपीट के डर से कईबार से वह माईके में आकर रह रही थी। शनिवार को सूचना मिली कि आपकी बेटी ने फंसी लगा ली।आगे बताया की मेरे दमाद का चक्कर किसी और महिला के साथ चल रहा है जिसके चलते मेरी बेटी हत्या कर दिया गया है। इस संबंध में प्रभारी थाना प्रभारी रंजीत कुमार ने बताया की घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। आवेदन आने के बाद कारवाई की जाएगी।मालूम हो की मृतक महिला की एक बेटी व दो छोटे-छोटे बेटे है। घटना के बाद परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल है।

## बारातियों से भरी कार पेड़ से टकराकर पलटी, वृद्ध की मौत, सात घायल



**चतरा:** सदर थाना क्षेत्र के ऊंटा गांव के समीप शनिवार को अहले सुबह शादी समारोह से लौट रही बारातियों से भरी बोलेरो गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गयी।इस हादसे में एक वृद्ध की मौत हो गयी।वहीं सात लोग घायल हो गये।मृतक मो कुर्बान मियां (70 वर्ष) मोकतमा गांव के रहनेवाले थे।घायलों में राजपुर थाना क्षेत्र के चारू गांव निवासी चालक मो आरिफ, मो मोकिम, मो काशीफ, आलिया सबा, सोहना परवीन, मो हासीम व रहमत मियां शामिल हैं।सभी को इलाज के सदर अस्पताल लाया गया।जहां चालक की स्थिति गंभीर देख हजारीबाग रेफर कर दिया गया। अन्य घायलों का इलाज सदर अस्पताल में ही चल रहा है।जानकारी के अनुसार चारू गांव निवासी जातुल्लाह वासमी (पिता मंसूर आलम) की बारात में शामिल होने के लिए शुक्रवार की शाम सभी बिहार के गया गये थे।रात में शादी समारोह के बाद वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान विपरीत दिशा से आ रहे बड़े वाहन की लाइट से चकमा खाने से वाहन अनियंत्रित हो गयी और एक सूख पेड़ से जा टकरायी और पेड़ को तोड़ते हुए पलट गयी।घटना की सूचना पाकर सदर पुलिस पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक कुर्बान मियां मोकतमा निवासी मो नौशाद के पिता थे।घटना के बाद शादी की खुशी गम में बदल गया।

राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने आईईडी ब्लास्ट में मारे गए सीआरपीएफ जवान को दी श्रद्धांजलि, कहा-

# राज्य में नक्सलियों के खिलाफ अभियान में मिल रही सफलता

संवाददाता



**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य और इसके सीमावर्ती क्षेत्रों में नक्सलियों के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान चलाए जा रहे हैं, जिसमें महत्वपूर्ण सफलताएं मिल रही है। सोरेन और राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शनिवार सुबह ओडिशा-झारखंड सीमा पर नक्सल रोधी अभियान के दौरान आईईडी विस्फोट में जान गंवाने वाले केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 134वीं बटालियन के सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) सत्यभान कुमार सिंह (34) के पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

रांची में सीआरपीएफ की 133 बटालियन के मुख्यालय में दिवंगत जवान को श्रद्धांजलि देने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया था। सोरेन ने पत्रकारों से कहा, यह घटना बेहद दुखद है। हम इस दुख की घड़ी में जवान के परिवार के साथ हैं। उन्होंने कहा, पिछले कई वर्षों से झारखंड और इसके सीमावर्ती क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर अभियान चलाए गए हैं और महत्वपूर्ण सफलताएं भी मिली हैं।

गंगवार ने भी घटना पर दुख जताया और इसे दर्दनाक बताया। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष तक देश में नक्सलवाद को खत्म करने के प्रयास किए जा रहे हैं और इसके लिए बल सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश के कुशीनगर के रहने वाले सीआरपीएफ अधिकारी उस टीम का हिस्सा थे, जो 27 मई को पत्थर की खदान से नक्सलियों द्वारा लूटे गए विस्फोटकों की तलाश में अंतरराज्यीय सीमा पर स्थित सारंडा वन में तलाश अभियान चला रही थी।

पुलिस के मुताबिक, ओडिशा के सुंदरगढ़ जिले के बलांग गांव के पास सुबह करीब छह बजे एक आईईडी में विस्फोट होने से सिंह के बाएं पैर में चोट लग गई थी। अधिकारियों ने बताया कि सिंह को राउरकेला के एक अस्पताल में ले जाया गया, जहां उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। सीआरपीएफ और ओडिशा पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) की संयुक्त टीम द्वारा तलाश अभियान चलाया जा रहा था। सुंदरगढ़ के बांको में पत्थर की एक खदान से माओवादियों ने करीब पांच टन विस्फोटक लूट लिया था। अधिकारियों ने बताया कि अब तक तीन-चौथाई विस्फोटक बरामद कर लिया गया है, लेकिन सुरक्षा बल शेष जिलेटिन पैकेट की तलाश कर रहे हैं।

## एनजीटी की रोक के बाद भी बालू के अवैध कारोबार पर धनपति महतो ने जतायी चिंता



संवाददाता

**सिल्ली:** नरेंद्र मोदी विचार मंच युवा शाखा के केंद्रीय अध्यक्ष सह सिल्ली विस क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी समाजसेवी धनपति महतो पतराहातु निवासी असित चंद्र पोद्दार के पुत्र समीर पोद्दार का विवाह समारोह में शामिल हुए और वर-वधू को हृदय से शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया। इस दौरान श्री महतो ने पत्रकारों को बताया सिल्ली सोनाहातु थाना क्षेत्र से एनजीटी का नदियों से बालू उठाव पर रोक के बावजूद रास्ते में अवैध बालू की ढूलाई को देख कर मैं दंग रह गया। रोजाना बड़े पैमाने पर हाइवा से अवैध बालू सिल्ली अनगड़ा होते हुए रांची, बुंडू होते हुए रांची एंव सोनाहातू बारेंदा मिलन चौक ईचागढ़ होते हुए जमशेदपुर भेजा जा रहा है इतना बड़ा बालू का अवैध कारोबार पुलिस के साठगांठ के बैगर संभव ही नही है बालू माफिया पुलिस से मिले हुए है उन्होंने आगे कहा हर लोगों के जुबा पर है की बालू की अवैध कमाई का हिस्सा मौजूदा विधायक पूर्व विधायक सरकार में शामिल कांग्रेस के नेता और हर मामले में सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए युटुब छाए रहने वाले नेता तक को पहुंचायी जाती है सबका प्रति दिन प्रति ट्रिप के लिए अलग-अलग रेट फिक्स है.महतो ने कहा दिनों दिन नदियों की स्थिति भयावह होती जा रही है। प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और अत्यधिक दोहन के कारण नदियों की हालत खराब हो रही है.हर तरफ लूट मची हुई है भोली भाली जनता सिस्टम के आगे लाचार है.यदि चुनाव में जनता का आशीर्वाद मुझे मिला होता तो क्षेत्र में अवैध कार्य और भ्रष्टाचार नहीं होने देते। मौके पर कलेश्वर महतो नीतीश महतो कुंदन महतो मनीष महतो रितिज्ञ महतो व अन्य मौजूद थे।

## पीएम आवास दिलाने के नाम पर मुखिया पर दुष्कर्म का आरोप

- पीड़िता ने थाना में आवेदन देकर लगायी न्याय की गुहार
- आरोपों की जांच की जा रही है: थाना प्रभारी

संवाददाता

**चतरा:** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलाने के नाम पर एक महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है।यह आरोप गोढ़ाई पंचायत के मुखिया विजय कुमार सिंह पर लगा है। पीड़िता ने थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है। आरोप है कि मुखिया द्वारा तीन माह से पीएम आवास दिलाने का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया जा रहा था।महिला ने कहा है कि जब उसे आवास नहीं मिला तो उसने मुखिया के साथ बातचीत बंद कर दी। इस दौरान 11 जून की रात करीब 12 बजे रात में मुखिया ने घर पर आकर टीना का दरवाजा तोड़ दिया और घर में घुसकर जबरन दुष्कर्म करने का प्रयास किया। हो हल्ला करने पर मुंह पर लात से मारते हुए अपशब्द बोला।इसके बाद जबरन शारीरिक संबंध बनाया।शोर मचाने पर छोटे बच्चे, देवर, ससुर,गोतनी पहुंची और मुखिया को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह झटका देकर बाईक से फरार हो गया। पीड़िता ने थाना प्रभारी से मुखिया पर अविलंब कार्रवाई करने की मांग की है।बता दे कि पीड़िता का पति पंजाब में मजदूरी का काम करता है। छह दिन पूर्व ही पंजाब मजदूरी के लिए गया था। पीड़िता के परिजनो का आरोप हैं मुखिया व उसके लोगो द्वारा लगातार समझौता करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। गांव के ही भीम प्रजापति ने मामले को आगे नहीं बढ़ाने की बात कह कर ससुर के साथ मारपीट भी किया है। वहीं मुखिया विजय कुमार सिंह ने कहा कि आरोप गलत है, मुझे बदनाम करने के लिए इस तरह का आरोप लगाया जा रहा है।वहीं इस बाबत थाना प्रभारी विपिन कुमार ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

## पेसा कानून में कुड़मी बाईसी व्यवस्था शामिल की जाये:शीतल ओहदार



**सिल्ली:** टोटेमिक कुड़मी/ कुरमी विकास मोर्चा की एकदिवसीय बैठक दृश्य-श्रव्य केंद्र सभागार रामडेरा, सिल्ली में अरूण महतो की अध्यक्षता में हुई। जिसका संचालन रघुनाथ महतो ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मोर्चा के अध्यक्ष शीतल ओहदार और विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय प्रधान महासचिव राजेंद्र महतो और केंद्रीय मिडिया प्रभारी सखीचंद महतो शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए श्री ओहदर ने कहा कि प्रत्येक गांव में कुड़ी बाइसी व्यवस्था सशक्त किया जाएगा , इसके लिए गांव-गांव में मइड़ला महतो को सक्रिय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा प्रस्तावित पेसा कानून के प्रारूप में कुड़मी /कुरमी समाज की बाइसी व्यवस्था शामिल नहीं किया है जो बहुत ही निंदनीय है। यदि प्रारूप में बाईसी व्यवस्था शामिल नहीं किया गया तो हम झारखंड का सशक्त जनजाति होते हुए भी दोयम दर्जा का नागरिक बन जाएंगे। श्री ओहदार ने कहा कि जातीय जनगणना में समाज के लोग चुक ना करें, जाति में कुड़मी और भाषा में कुड़माली ही दर्ज कराएं। इस बैठक में मुख्य रूप से शशि रंजन महतो, रघुनाथ महतो, जितेंद्र महतो,नंदलाल महतो, ललित मोहन महतो आदि ने विचार रखे। बैठक में सर्व समिति से सिली प्रखंड के सभी पंचायत में दो-दो प्रभारी नियुक्त किए गए,तथा अगले आंदोलन की रूपरेखा तय की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से अंबा महतो,गया राम महतो संदिप महतो,मनोज महतो, श्रीपाद महतो, कृष्णा महतो, रंजीत महतो ,कृटि चांद महतो, परमानंद महतो ,अर्जुन महतो, पवन महतो, रमेश महतो, बुधराम महतो, रिझु महतो, विकास महतो ,घनश्याम महतो, अनंत महतो ,दिनेश महतो,राजेंद्र महतो व अन्य उपस्थित थे।

# एनटीपीसी में 15 साल से नहीं हुआ ऑडिट,कैग ने दिया जांच का आदेश



चंद्रेश शर्मा

**हजारीबाग:** जिले के बड़कागांव में नेशनल थर्मल पावर कारपोरेशन लिमिटेड (एनटीपीसी) के अधीन संचालित पकरी-बरवाडीह कोल परियोजना में एक बड़ा मामला सामने आया है। इस परियोजना से 15 साल में अरबों के खनन ट्रांसपोर्टेशन हुए, लेकिन आडिट आज तक नहीं हुई। सूचना के अधिकार के तहत मिली इस जानकारी के बाद एक्टिविस्ट मंटु सोनी ने अपने अधिवक्ता नवीन कुमार सिंह के माध्यम से भारत सरकार के महालेखाकार को अवगत कराया है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए महालेखाकार भारत सरकार ने कैग की कोलकाता शाखा को आडिट कर पूरे मामले में रिपोर्ट मांगी है।

एनटीपीसी के पकरी-बरवाडीह कोल परियोजना में कोयला मंत्रालय के निर्देश के विपरीत एमडीओ नियुक्त किया ?

एनटीपीसी के पकरी-बरवाडीह कोल परियोजना ने कोयला मंत्रालय के निर्देश की भी हुई अवहेलना होने का आरोप सहित पूर्व के एमडीओ को 251 करोड़ का हजार्ना देने के आरोपों की पुष्टि हो चुकी है। इतना ही नहीं सीएसआर फंड के करोड़ों की आडिट नहीं होने सहित अन्य मामलों की भी आडिट नहीं होने के मामले में मंटु सोनी की ओर से झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता नवीन कुमार सिंह ने भारत सरकार के महालेखाकार को लिखित शिकायत की थी। इसके बाद ही आडिट का निर्देश हुआ है। यह भी आरोप है कि एनटीपीसी ने ग्रामीणों के फर्जी दस्तावेज पर पकरी-बरवाडीह कोल परियोजना का आवंटन लिया।

फारेस्ट क्लियरेंस भी फर्जी दस्तावेज पर लिया। कोयला परिवहन में भी अनियमितता बरती गई। अधिवक्ता ने महालेखाकार कार्यालय को अपने पत्र के माध्यम से बताया है कि कोयला खनन से संबंधित सभी बिंदुओं, वित्तीय लेन-देन, खर्चों आदि की कैग के माध्यम से नियमित आडिट करने का अधिकार है। इसके बावजूद करीब 15 साल से आडिट नहीं कराया जाना संदिग्ध है, इसकी जांच व आडिट अनिवार्य है।



एमडीओ नियुक्ति में बरती गई अनियमितता: हजारीबाग के शनिकांत को सूचना के अधिकार के तहत मिली जानकारी के आधार पर अधिवक्ता नवीन कुमार सिंह ने जो शिकायत की है, उसके अनुसार एनटीपीसी को वर्ष 2004 में पकरी बरवाडीह कोल परियोजना आवंटित हुई थी। भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई के बाद वर्ष 2010 में खनन के लिए मेसर्स थियेस मिनेक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को माइनिंग डेवलपमेंट आपरेटर (एमडीओ) नियुक्त किया गया। बाद में उसे एनटीपीसी ने विलंब से खनन का आरोप लगाकर खनन कार्य से हटा दिया। इसके बाद खनन कंपनी न्यायालय पहुंची और न्यायालय के आदेश पर उक्त खनन कंपनी को एनटपीसी को 251 करोड़ रुपये का हजार्ना कोर्ट में जमा करना पड़ा। इसके बाद एनटीपीसी ने खनन कार्य के लिए दो माह पहले बनी कंपनी मेसर्स त्रिवेणी सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड को एमडीओ नियुक्त कर दिया। इसके निदेशक बी. प्रभाकरण हैं। इनकी पूर्व उनकी पहली कंपनी मेसर्स त्रिवेणी अर्थमूवर्स प्राइवेट लिमिटेड पर पूर्व में एफआइआर भी हुआ था और वर्तमान समय मे उनके खिलाफ जस्टिस एम बी शाह आयोग की जांच भी चल रही थी। खनन के लिए कोयला मंत्रालय के नियम व शर्तों को पूरा नहीं करने के बावजूद उक्त कंपनी को खनन की जिम्मेदारी दी गई, जो जांच का विषय है।

# फोटोग्राफर रूपेश रजक हार्ट अटैक से मौत

### भद्रकाली मंदिर परिसर में स्टुडियो संचालक थे रूपेश



संवाददाता

**चतरा:** इटखोरी के भद्रकाली मंदिर में संचालित युवराज स्टुडियो के संचालक रूपेश रजक का आकस्मिक निधन हो गया।वे 38 वर्ष के थे। जानकारी के अनुसार बीते शनिवार रात अचानक उन्हें सांस लेने में परेशानी होने लगी। आनन फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईटखोरी में भर्ती करवाया गया। जहां चिकित्सकों ने मरीज की नाजुक स्थिति को देखते हुए तुरंत हजारीबाग रेफर किया। पर हजारीबाग सदर अस्पताल में चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित किया।मृतक अपने पीछे पत्नी व एक पुत्र छोड़ गए हैं।अग्नि संस्कार मुहाने नदी शमशान घाट पर की जाएगी। मौत की सूचना के बाद भद्रकाली मंदिर में संचालित सभी फोटोग्राफी दुकाने शोक में दिन भर के लिए बन्द कर दी गई। वहीं इनके मौत पर चतरा जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार,पूर्व जिला अध्यक्ष अनुज कुमार पांडेय,ईटखोरी प्रखण्ड अध्यक्ष गौतम सिंह समेत जिले भर के तमाम फोटोग्राफर ,मंदिर प्रबंधन समिति के कई सदस्य व मंदिर के तमाम दुकानदारों ने शोक व्यक्त किया है।

### मौसम विभाग ने जारी किया अपडेट

# 17 से 19 जून के बीच पहुंचेगा मानसून

**संवाददाता**

**रांची:** दक्षिण-पश्चिमी मानसून के 17 से 19 जून के बीच झारखंड पहुंचने की संभावना है और इस दौरान राज्य के कई हिस्सों में अत्यधिक बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि राज्य के दक्षिण-पश्चिमी और मध्यवर्ती क्षेत्रों के कुछ हिस्सों में सोमवार के लिए येलो अलर्ट (भारी बारिश की चेतावनी) जारी किया गया है, जबकि 17 जून से दो दिन के लिए ऑरेंज अलट (भारी से अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी) जारी किया गया है।

रांची मौसम विज्ञान केंद्र के उपनिदेशक अभिषेक आनंद ने कहा, राज्य में रविवार से मानसून पूर्व गतिविधियां शुरू होने की संभावना है। राज्य में 17 से 19 जून के बीच मानसून के आगमन के लिए परिस्थितियां अनुकूल प्रतीत हो रही हैं। इस वर्ष मानसून 24 मई को ही केरल पहुंच गया था, जो सामान्य समय से एक सप्ताह पहले है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2010 से अब तक मानसून आमतौर पर 12 जून से 25 जून के बीच झारखंड पहुंचता रहा है। आनंद ने बताया कि चार महीने की मानसून अवधि के दौरान राज्य में सामान्य बारिश होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि रविवार को राज्य के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है और चक्रवाती परिसंचरण के प्रभाव से सोमवार को कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। आनंद ने कहा, राज्य में 17 से 20 जून के बीच भारी बारिश की संभावना है और दक्षिण-पश्चिमी एवं मध्य झारखंड के कुछ हिस्सों में अत्यधिक बारिश हो सकती है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, एक जून से 14 जून के बीच झारखंड में बारिश की 58 प्रतिशत कमी दर्ज की गई है। इस दौरान राज्य में सामान्य 49.1 मिमी की तुलना में केवल 20.8 मिमी बारिश हुई है। मौसम विभाग के अधिकारियों ने बताया कि एक जून से 30 सितंबर के बीच की बारिश को मानसून की बारिश माना जाता है। पिछले वर्ष झारखंड में मानसून की सामान्य बारिश दर्ज की गई थी। अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2023 में राज्य सरकार ने 17 जिलों के 158 प्रखंडों को सूखाग्रस्त घोषित किया था, जबकि वर्ष 2022 में 260 में से 226 प्रखंडों को जून और जुलाई में कम बारिश के चलते सूखा प्रभावित घोषित किया गया था।



### अपराधी संदीप प्रधान व आदित्य सिंह के ठिकानों पर छापेमारी

## एक कार और 15 लाख के विदेशी स्पोर्ट्स बाइक बरामद

**मेट्रो रेज**

**रांची:** कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में सुखदेवनगर थाना पुलिस ने अपराधी संदीप प्रधान उर्फ सन्दीप थापा और आदित्य सिंह उर्फ बिट्टू सिंह के ठिकानों पर छापेमारी की है। छापेमारी में एक कार और करीब 15 लाख के विदेशी स्पोर्ट्स बाइक बरामद किये गये। डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि ये कार्रवाई पूछताछ में मिली जानकारी के अनुसार की जा रही है। दोनों अपराधी के गुर्गे की भी तलाश की जा रही है। बता दें पुलिस ने दो दिन पहले दोनों अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस ने एसएसपी को मिली गुप्त सूचना पर ये कार्रवाई कर रही है। बता दें बिट्टू सिंह का एक वीडियो/फोटो पुलिस को उसके मोबाइल में मिला है। जिसमें करोड़ों रुपए के लेन देन की बात हो रही है। पुलिस रुपये देने वालों की भी तलाश कर रही है। बिट्टू का करोड़ो कैश के साथ फोटो भी मिला है, पुलिस की जांच जारी है।



### अहमदाबाद विमान दुर्घटना

## आतंकी साजिश की आशंका : राष्ट्र सेवा फाउंडेशन





**मेट्रो रेज**

**रांची:** गुजरात के अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान बोइंग 787 8 एआई 171 के दुर्घटनाग्रस्त होने पर राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी सीताराम शरण महाराज एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने अत्यंत दुख जताया है। उन्होंने शोक प्रकट करते हुए संयुक्त रूप से कहा कि अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की अत्यंत हृदय विदारक घटना से स्तब्ध हूं। उन्होंने विमान हादसे में मारे गए तथा प्रभावित हुए लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त किया है। स्वामी सीताराम शरण एवं सुनील कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि वीडियो देखकर व मिली जानकारी के अनुसार जिस तरह से विमान लैंडिंग के ठीक 32 सेकेंड में दुर्घटनाग्रस्त हुई है, इससे लगता है कि विमान में जरूर कोई छेड़छाड़ हुई हो? एक साथ दोनों इंजन का फेल होना, कॉकपिट का (पायलट) संपर्क अचानक कट जाना? वो दोनों एक साथ हो जाना? जबकि विमान कुछ ही घंटा पहले पेरिस से वहां आया था और यात्रियों की ओर से कोई शिकायत नहीं थी? विमान में 1:00 बजे तक कोई गड़बड़ी नहीं थी? तो अचानक ऐसा क्या हो गया, जो विमान उड़ता है और 32 सेकंड बाद धरती पर आ जाता है, वह भी बम विस्फोट जैसी आवाज के साथ? जिसमें एक यात्री को छोड़, गुजरात के पूर्व सीएम सहित सभी यात्री मारे जाते हैं।

### तुमांग पंचायत में पेड़ काटने का ग्रामीणों ने किया विरोध

**खलारी:** एनके एरिया के रोहिणी परियोजना द्वारा तुमांग पंचायत में ढुब देवी मंडप के समीप पेड़ काटने का ग्रामीणो ने विरोध किया है। ग्रामीणो का कहना है कि रोहिणी प्रबंधन को पूर्व में भी कहा गया था कि देवी मंडप के समीप पेड़ों की कटाई अभी नही करना है। जब तक की ग्रामीणो के पुनर्वास की व्यवस्था नही हो जाता। लेकिन इसके बावजूद प्रबंधन के द्वारा ठेकेदार के माध्यम से मंडप के किनारे जबरन पेड़ो को कटवाया जा रहा है। शनिवार को प्रबंधन के द्वारा मंडप के समीप पेड़ काटने की सूचना मिलते ही काफी संख्या में ढुब की महिलाएं पहुंच गयी और रोहिणी परियोजना के अधिकारियों के साथ जोरदार बहस हुई। प्रबंधन के द्वारा समझाने के बाद भी ग्रामीण नहीं माने। वहीं ग्रामीणो ने कहा कि एक तो प्रबंधन ग्रामीणों के पुनर्वास की कोई व्यवस्था नहीं कर रहा है। खदान भी घर के नजदीक चल रहा है। प्रबंधन ग्रामीणों के पुनर्वास सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के बजाय ग्रामीणों को परेशान करने में लगा हुआ है। अब पहले प्रबंधन पुनर्वास की व्यवस्था करे, उसके बाद मंडप के नजदीक पेड़ काटने दिया जाएगा। ग्रामीणों के विरोध के बाद सीसीएल के अधिकारी वापस लौट गये।

### दूसरा वर्कशॉप सफलतापूर्वक संपन्न

## रचनात्मक वर्कशॉप के माध्यम से बच्चों को मंच देने का प्रयास



**रांची:** बूटी मोड चौक स्थित पेस कृएटर्स डांस अकादमी के निदेशक सुमित साहू व रश्मि के नेतृत्व में 10 से 14 जून तक आयोजित दूसरा वर्कशॉप सफलता पूर्वक संपन्न हो गया।

इस वर्कशॉप में बच्चों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन बच्चों ने कई पुरस्कार जीते। इस वर्कशॉप को सफल बनाने में उत्कर्ष दास, इब्यांशु कुमार और राहुल सर का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर सुमित साहू ने कहा कि आने वाले समय में भी ऐसे ही रचनात्मक वर्कशॉप्स के माध्यम से हम बच्चों को मंच देने का प्रयास करते रहेंगे।

## 21वां झारखण्ड राज्य जूनियर वुशु प्रतियोगिता शुरू
## विभिन्न जिलों के खिलाड़ी लें रहें हैं भाग

**सिल्ली :** 21वां झारखण्ड राज्य जूनियर वुशु प्रतियोगिता आज यहाँ सिल्ली के द विलेज रिसोर्ट में शुरू हो गया। 14 - 15 जून 2025 को आयोजित हो रहें इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों के खिलाड़ी भाग लें रहें हैं।

आज इस प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि लम्बोदर महतो थे। जिन्होंने झारखण्ड में इस खेल और खिलाड़ियों के बेहतरीन भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर अन्य विशिष्ट अतिथि के रूप में शैलेन्द्र दुबे, रत्नेश कुमार, अमरेंद्र दत्त द्विवेदी, दीपक गोप व अन्य मौजूद थे।

प्रतियोगिता के सफल संचालन में सिल्ली वुशु अकादमी के एस वाहिद अली और उनकी टीम का विशेष योगदान रहा कल होगा समापन समारोहः प्रतियोगिता का समापन समारोह आज होगा।



**झारखण्ड के चयनित खिलाडी जूनियर नेशनल में लेंगे भाग :** इस अवसर पर अपने उदगार व्यक्त करते हुये शैलेन्द्र दुबे ने कहा कि इस प्रतियोगिता के आधार पर चयनित खिलाडी हैदराबाद में आयोजित जूनियर नेशनल प्रतियोगिता में झारखण्ड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## बिजली कटौती को लेकर अधिकारियों को फटकार

**रांची:** झारखंड उर्जा विकास निगम (जेयूवीएनएल) के सीएमडी अविनाश कुमार ने राज्य में पावर कट को लेकर अधिकारियों को फटकार लगाई है। वह सभी जीएम, एसइ और अन्य अधिकारियों के साथ ऑनलाइन बैठक कर रहे थे। इस मौके पर उन्होने कहा कि बारिश होते ही तुरंत बिजली कट जाती है, एक बार कटती है, तो लंबे समय तक कटी रहती है। आखिर ऐसा क्यों होता है। इनता खर्च करने पर भी कुछ अधिकारियों की लापरवाही से ऐसा होता है। जो भी अधिकारी अब लापरवाही करते मिलेंगे, उनके खिलाफ सीधी कार्रवाई की जायेगी।

इस मौके पर सीएमडी ने कहा कि बारिश होती है, तो सिस्टम को इतना दुरूस्त क्यों नहीं रखा जाता है कि ज्यादा देर तक बिजली नहीं कटे। बारिश समाप्त होने के बाद बिजली कटे रहने की शिकायत मिलती है। इस पर विशेष रूप से सतर्कता बरतें। जो भी उपकरण आदि की अरूरत है, उसका एस्टीमेट बनाकर दें। ताकि तत्काल खरीददारी की जा सके। लेकिन व्यवस्था में सुधार होना चाहिए। सीएमडी ने कहा कि जहां भी आवश्यकता हो, वहां पुराने केबल और तार को तत्काल बदलें। सीएमडी ने कहा कि डीवीसी इलाके खासकर हजारीबाग में ज्यादा बिजली कटने की शिकायत मिलती है।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर कैरिज अजमेर द्वारा खुली ई–निविदा संख्या: **कैरिज–12-2025-RT** दिनांक **13.06.2025** आमंत्रित की जाती है। कोई भी मैन्युअल टेंडर स्वीकार नहीं किया जायेगा और यदि कोई मैन्युअल टेंडर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। **कार्य का नाम एवं स्थान:** "कैरिज वर्कशॉप अजमेर में एलएचबी कोचों मे ब्रेक डिस्क की सफाई (स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार)"। **अनुमानित लागत:** रु. 38716272.00/– **टेण्डर डॉक्यूमेंट कॉस्ट:** रु. 00.00 **बयाना राशि:** रु. 343600.00 **ई–टेंडर फॉर्म जमा करने का समय व तारीख:** दिनांक 10.07.2025 समय 15.00 बजे तक। **वेब साइट का विवरण:** **www.ireps.gov.in** पात्रता मानदंड: लागू। **नोट:** टेण्डर डॉक्यूमेंट कॉस्ट एवं बयाना राशि केवल IREPS की वेबसाइट पर उपलब्ध पेमेंट गेटवे सुविधा द्वारा ऑनलाइन जमा किये जाने है।

**684-PM/25**

हमें /NWRailways /NWRailways पर फॉलो करें




## हम सभी को मिल कर इंसानियत जिंदा रखनी है: गुलाम मुस्तफा

**रांची:** सामाजिक संस्था भारतीय एकता कमेटी के 33 वर्ष संपन्न होने के शुभ अवसर पर आज सुबह 10:00 बजे रविवार को संत मारिया महा गिरजाघर मिशन चौक के पास गरीब असहाय जरूरतमंद लोगों के बीच कपड़े का वितरण किया गश। साथ ही मिठाई खाने के लिए पैसे भी दिये। इस शुभ अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने जरूरतमंद लोगों को कंबल देने का भी वादा किया । उन्होंने कहा कि खाने पीने का सुखा राशन भी भारतीय एकता कमेटी की तरफ से आप लोगों को जल्द ही दिया जाएगा । गुलाम मुस्तफा ने सभी से अपील कि की इंसानियत सबसे ऊपर है और हम सभी को मिलजुल कर इसको बनाए रखना है । इंसानियत से बड़ा कुछ भी नहीं होता। कोई भूखा है तो उसको खाना दीजिए कोई नंगा है तो उसका कपड़ा दीजिए कोई प्यासा है तो उसको पानी पिला दीजिए।

### एक्वा वर्ल्ड में 'डांस रांची डांस' का 'ग्रांड फिनाले' संपन्न

# निर्मला को सीनियर में और जूनियर में आकृति को डांसिंग सेंसेशन का खिताब

### आज फादर्स डे पर होगा विशेष आयोजन





**संवाददाता**

**रांची:** एक्वा वर्ल्ड में समर कार्निवल श्रृंखला 2025 के अंतर्गत बीते छह शनिवार को डांस प्रतियोगिता के प्रारंभिक और एलिमिनेशन राउंड का आयोजन किया गया था। शनिवार को इस डांस प्रतियोगिता का ग्रांड फिनाले था। इस अवसर पर सफल आयोजन के लिए एक्वा वर्ल्ड समूह के चेयरपर्सन प्रतुल शाह देव ने दीपांजलि ग्रुप के डायरेक्टर विपुल नायक और कार्यक्रम संयोजक देव ज्योति नाहा को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर निर्णायक के रूप में खुशहाल आर्यन, नमिता सिंह और नमिता सिंह उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि में पांपा सेन विश्वास, डेविड, गौतम, नीतू और उपासना उपस्थित थे। सभी अतिथियों और निर्णायकों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

बच्चों ने भी डांस रांची डांस के ग्रैंड फिनाले में शानदार नृत्य पेश किया। प्रतिभागियों ने छम्मा छम्मा, दिलजलों का दिल जला कर क्या मिलेगा दिलरुबा, लैला मैं लैला, ओ साकी साकी रे, गीतों पर लोगों को नृत्य कर झुमा दिया। इस अवसर पर दर्शकों की मांग पर विपुल नायक ने 'कोई शहरी बाबू 'और डी जे सर 'मैं तेरी जोगनिया' गीतों पर नृत्य की विशेष प्रस्तुति की। सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

**परिणाम**

**जूनियर वर्ग**

पहला पुरस्कार (डांसिंग सेंसेशन)- आकृति भारद्वाज

दूसरा पुरस्कार- त्रिशा डे

तीसरा पुरस्कार - अनन्या मंडल

**सीनियर वर्ग**

पहला पुरस्कार (डांसिंग सेंसेशन)- निर्मला

दूसरा पुरस्कार - मानसी

तीसरा पुरस्कार - आराध्या पांडेय

आज रविवार,15 जून को शाम 5:30 बजे फादर्स डे के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस कार्यक्रम के साथ ही समर कार्निवल श्रृंखला का समापन हो जाएगा।


**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**उद्यान निदेशालय, झारखण्ड**
**कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, गुमला**
संयुक्त कृषि भवन, करमटोली रोड, गुमला–835207

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, (कृषि प्रभाग) का पत्रांक–03/कृ0रा0यो0–07/2021–18 दिनांक 29.05.2025 के द्वारा निर्धारित एवं प्राप्त लक्ष्य के आलोक में राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में उद्यान विकास की योजना के तहत उपयोजना "मधुमक्खी पालन की योजना" के कियान्वयन हेतु कृषि/उद्यानिकी फसलों के उत्पादन में मधुमक्खी द्वारा फसलों पर परागण की आवश्यकता को पूरी कर उत्पादन में वृद्धि तथा लघु/सीमान्त एवं निम्न वर्गीय, छोटे–छोटे कृषकों को उनके आय में दोगुणी वृद्धि के साथ–साथ पौश्टिक एवं पर्यावरण सुरक्षा के उद्देश्य से विभागीय अनुदान अधिकत्तम 80% एवं कृषक अंशदान 20% पर योजना का कियान्वयन हेतु योजना स्वीकृत है। योजना का लाभ SC/ST,लघु एवं सीमांत कृषक, कृषक समूह, महिला स्वयं सहायता समूह को प्राथमिकता दी जायगी। ग्रामीण विकास विभाग के अधीन झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी के द्वारा गठित महिला स्वयं सहायता समूह/कृषक समूह को योजना से आच्छादित किया जायेगा।

अतः इच्छुक कृषक/कृषक समूह/महिला स्वयं सहायता समूह कार्यालय से आवेदन प्रपत्र प्राप्त कर झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी, गुमला के माध्यम से कार्यालय अवधि में 05.07.2025 तक कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं।

| क0 | कार्य अवयव | भौतिक लक्ष्य (लाभूक सं0–25) | वित्तीय लक्ष्य | |
|---|---|---|---|---|
| | | | विभागीय अनुदान 80% | कृषक अंशदान 20% |
| 1 | मधुमक्खी कॉलोनी (बक्सा) प्रति कृषक 20 सं0) | 500 | 8.00 लाख | 2.00 लाख |
| 2 | मधुमक्खी हिब्स (छत्ता)(बक्सा) प्रति कृषक 20 सं0) | 500 | 8.00 लाख | 2.00 लाख |
| 3 | कन्टेनर 30 कि0ग्रा0 (ड्रम)(बक्सा) प्रति कृषक 01 सं0) | 25 | 4.00 लाख | 1.00 लाख |
| 4 | कृषकों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण | 25 | 0.75 लाख | |

नोट :–
1. पूर्व में उक्त योजना से लाभान्वित लाभूकों को पुनः लाभ नहीं दिया जायेगा।
2. योजना का लाभ संकूल में दिया जायेगा।
3. एक परिवार के एक ही व्यक्ति को लाभ दिया जायेगा।
4. आवेदन के साथ आधार की प्रति स्व हस्ताक्षरित देना अनिवार्य होगा।
5. आवेदन जमा करने के अंतिम तिथि 05.07.2025 के बाद आवेदन स्वीकार नहीं होगा।
6. आवेदन पर माननीय जनप्रतिनिधि/ पंचायत प्रतिनिधि के द्वारा सत्यापित हो आवश्यक है।
7. आवेदन प्रारूप कार्यालय अवधि में जिला उद्यान कार्यालय, गुमला से प्राप्त किया जायेगा।
8. अपूर्ण आवेदन स्वंतः रद्द समझा जायेगा।
9. योजना के संदर्भ में विशेश जानकारी प्रखण्ड स्मर पर BAO/BTM/ATM/VLW/ उद्यान मित्र एवं जिला स्तर पर जिला उद्यान कार्यालय, गुमला से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकारी
PR 355021 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 25-26 (D) गुमला।

# टिकाऊ खेती में खरपतवार नियंत्रण का महत्व





**देश की बढ़ती हुई जनसंख्या के साथ खाद्यान्नों की मांग को पूरा करना एक गंभीर चुनौती बनी हुई है। गेहूं एवं धान खाद्यान्न की ऐसी फसलें हैं, जिनमें गरीबी और भुखमरी की समस्या से लड़ने की अद्भुत क्षमता है। सन् 2020 तक देश की जनसंख्या एक अरब पच्चीस करोड़ तक पहुंचने का आकलन है. ऐसे समय में धान व गेहूं के वर्तमान उत्पादन स्तर में बढ़ोतरी क्रमशः 112 एवं 82 मिलियन टन की आवश्यकता खाद्यान्न पूर्ति हेतु होगी। धान, गेहूं, जौ, मक्का, ज्वार, बाजरा हमारे देश की खरीफ की प्रमुख खाद्यान्न फसल हैं।**

नसे खाद्यान्नों का उत्पादन लगभग 230 मिलियन टन तक पहुंच गया है। फिर भी लगभग 48 मिलियन टन खाद्यान्न, 8 मिलियन टन दलहन एवं 10 मिलियन टन तिलहन की वर्तमान उत्पादन स्तर से अतिरिक्त उत्पादन की आवश्यकता होगी, तभी 2020 तक आ गई जनसंख्या की मांग पूरी की जा सकेगी। अधिक पैदावार देने वाली खाद एवं सिंचाई का अधिक उपयोग करने में एवं उन्नत किस्मों के प्रचलन से लगभग पिछले 2 दशकों में अनाज वाली फसलों एवं दलहन एवं तिलहन की पैदावार में व्यापक वृद्धि हुई है। फिर भी इसकी औसत पैदावार इसकी क्षमता से काफी कम है। उत्पादन क्षमता में वृद्धि के लिये सुधरी खेती की सभी प्रायोगिक विधियों को अपनाना आवश्यक है और जब तक हम उन वैज्ञानिक तरीकों को नहीं अपनाते हैं, उपज में आपेक्षित वृद्धि संभव नहीं है। यह सर्वविदित है कि उन्नत किस्मों से अधिक उपज प्राप्त करने के लिये अच्छे बीज, उचित खाद, पानी एवं फसल सुरक्षा की व्यवस्था होनी अति आवश्यक है। उन्नत किस्मों के बीजों को अधिक उर्वरक एवं पानी के साथ उगाने से फसल सुरक्षा की समस्याएं भी बढ़ती जा रही है। फसल सुरक्षा की समस्याओं में खरपतवारों के नियंत्रण की समस्या आजकल काफी जटिल पाई जा रही हैं। अतः अधिक पैदावार लेने के साथ ही साथ खरपतवारों का समय से कुशलता पूर्वक एवं आर्थिक दृष्टि को ध्यान में रखते हुए नियंत्रण के विभिन्न उपायों का प्रयोग करना बहुत ही जरूरी है।



देश की तेज गति से बढ़ती हुई जनसंख्या के भरण-पोषण के लिये प्रति इकाई क्षेत्र समय एवं साधन से अधिक से अधिक उत्पादन करना नितांत आवश्यक है। इसके लिये सघन कृषि प्रणाली अपनाने के साथ-साथ उत्तम किस्म का चुनाव, सही समय पर बुवाई, संतुलित मात्रा में पोषक तत्व देना, उचित समय पर सिंचाई करना, फसल को कीड़ों, बीमारियों एवं खरपतवारों से बचा कर रखना बहुत जरूरी है जिससे न केवल फसल की पैदावार बढ़ेगी, वरन उत्पादन कारकों की क्षमता भी बढ़ेगी तथा किसान की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

## खरपतवारों से हानियां

- खरपतवार जो उपलब्ध पोषक तत्वों, नमी, प्रकाश एवं स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं तथा फलस्वरूप फसल की पैदावार एवं गुणवत्ता में भारी कमी ला देते हैं।
- खरपतवार फसल में लगने वाले रोगों के जीवाणुओं एवं कीट-व्याधियों को भी आश्रय देते हैं।
- एक अनुमान के अनुसार खरपतवार विभिन्न फसलों की पैदावार में 33 प्रतिशत तक की कमी करने की क्षमता का ध्यान में रखकर कहा जा सकता है कि वर्तमान की संभावित उत्पादन स्तर में ही खाद्यान्न की 103 मिलियन टन, दलहन की 15 मिलियन टन एवं तिलहन की 10 मिलियन टन की कमी हो रही हैं।

## प्रमुख खरपतवार

इन फसलों में प्रभावी खरपतवार नियंत्रण के लिये उसमें उगने वाले खरपतवारों की जानकारी होना अति आवश्यक है। खरीफ एवं रबी फसलों में उगने वाले खरपतवारों को मुख्यतः तीन श्रेणियों में बांटा जा सकता है।

## जीरोटिलेज एवं फर्ब्स

धान-गेहूं फसल चक्र में धान की कटाई के तुरन्त बाद (बिना खेत की जुताई के) जीरो टिल मशीन से गेहूं की बुवाई करने पर 'फेलरिस माइनर' खरपतवार की संख्या में काफी कमी पाई गई है। इसके अतिरिक्त फर्ब्स मशीन द्वारा बनाई गई मेढ़ों पर गेहूं की बुवाई करने से भी फेलरिस माइनर की संख्या में काफी कमी आती है। ये विधियां हमारे देश के पंजाब, हरियाणा एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश में काफी लोकप्रिय है।

## उचित फसल चक्र अपनाकर

एक ही फसल को लगातार एक ही खेत में बोने से खरपतवारों की संख्या काफी अधिक हो जाती है। तथा उसके नियंत्रण में काफी परेशानी उठानी पड़ती है। अतः आवश्यक है कि एक फसल को बार-बार एक ही खेत में न बोया जाय तथा उचित फसल-चक्र अपनाया जाये। धान-गेहूं फसल चक्र में फेलरिस माइनर की संख्या में काफी बढ़ोत्तरी पाई गई है। अतः इस फसल चक्र में गन्ना, बरसीम या आलू की खेती से इस खरपतवार में काफी कमी पाई गई है।

## अन्तरवर्तीय फसलें उगाकर

कुछ फसलें जैसे मक्का जिनके कतारों के बीच की दूरी 60-90 सेंमी. तक होती है, खरपतवार आसानी से इन कतारों के बीच उगाकर फसल की पैदावार को कम कर देते हैं। इन कतारों के बीच यदि किसान भाई जल्दी बढ़ने वाली तथा कम समय की फसलें जैसे लोबिया, मूंग आदि को उगायें तो खरपतवारों पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सकता है तथा साथ ही साथ अतिरिक्त पैदावार भी मिल सकती है।

## यान्त्रिक विधि

खरपतवारों पर काबू पाने की यह सरल एवं प्रभावी विधि है। दलहनी एवं तिलहनी फसलों में खरपतवार नियंत्रण के लिये खरपतवारनाशक दवाईयों के बजाय निकाई-गुड़ाई की सिफारिश की जाती है। इन फसलों में 30-35 दिन बाद एक बार निराई-गुड़ाई करके खरपतवारों पर प्रभावी ढंग से नियंत्रण पाया जा सकता है। कतारों में बोई गई फसलों में हो चलाकर भी खरपतवारों का नियंत्रण किया जा सकता है। परंतु यांत्रिक विधि से खरपतवार नियंत्रण में समय और मजदूर अधिक लगते हैं जिससे प्रति इकाई क्षेत्रफल में लागत अधिक आती है। समय पर मजदूर न मिलने खेतों में पानी भरने का अधिक नमी के कारण भी निकाई-गुड़ाई करने में परेशानी होती है।

## खरपतवारनाशी रसायनों का प्रयोग

समय को देखते हुए खरपतवारों का नियंत्रण शाकनाशी रसायनों द्वारा करने से जहां एक ओर खरपतवारों का उचित समय पर नियंत्रण हो जाता है वहीं दूसरी ओर लागत एवं समय की भी बचत होती है। लेकिन खरपतवारनाशकों का उपयोग करते समय यह ध्यान रखना होगा कि उसकी उचित सान्द्रता को उचित विधि द्वारा उपयुक्त समय पर प्रयोग करें ताकि इनसे समुचित लाभ प्राप्त हो सके अन्यथा लाभ के बजाय हानि हो सकती है।



## खरपतवारों की रोकथाम कैसे करें

फसलों में खरपतवारों की रोकथाम निम्न तरीकों से की जा सकती है।

द्य स्टेल सीड बेड (बुवाई के पहले खरपतवारों को नष्ट करना) फसलों की बुवाई से पहले खाली खेत की हल्की सिंचाई करने से अधिकांश खरपतवार ऊग आते हैं। जब ये 2-3 पत्ती के हो जाएं तो उन्हें शाकनाशी (ग्लायफोसेट अथवा पैराक्वाट का 0.50 प्रतिशत घोल) द्वारा अथवा यांत्रिक विधि से जुताई करके नष्ट किया जा सकता है जिसे मुख्य फसल में खरपतवारों की संख्या में काफी कमी आ जाती है।

## शुद्ध एवं साफ बीज का प्रयोग

बुवाई के समय खरपतवार रहित एवं प्रमाणित बीज का प्रयोग करके खरपतवारों की संख्या पर काबू पाया जा सकता है। कुछ फसल के बीजों को बुवाई के पहले छन्ने से साफ करने पर खरपतवारों के बीज आकार में छोटे होने के कारण नीचे गिर जाते हैं। जैसे गेहूं में गेहूं के मामा का बीज।

## किस्मों का चुनाव एवं बुवाई विधि

जहां पर खरपतवार की रोकथाम के साधनों में कमी हो वहां पर फसल की ऐसी प्रजातियों का चुनाव करना चाहिए जिनकी प्रारंभिक बढ़वार खरपतवार की तुलना में अधिक हो। ऐसी प्रजातियों खरपतवारों से प्रतिस्पर्धा करके उन्हें नीचे दबा देती हैं। छिटकवां विधि के बजाय कतारों में बुवाई करने से खरपतवारों की संख्या में कमी पायी जाती है। तथा साथ ही साथ उनके नियंत्रण में भी आसानी रहती है।



# प्याज के लिए समसीतोष्ण जलवायु सर्वोत्तम समझी जाती है



## जलवायु -

प्याज के लिए समसीतोष्ण जलवायु सर्वोत्तम समझी जाती है, प्याज मूलरूप से सर्दी में उगाया जाता है, लेकिन खरीफ की किस्में प्राप्त होने पर उनको खरीफ में भी लगाया जाने लगा है। सर्वोत्तम पैदावार के लिये 15–21 डिग्री सेंटीग्रेड तापमान तथा 10 घंटे वाले लम्बे दिन उपयोगी है।

## भूमि

प्याज की खेती के लिए उपजाऊ बलुई दोमट या दोमट भूमि में उपयुक्त रहती है। खरीफ फसल हेतु खेत चयन में सावधानी रखें। खेत में उपयुक्त जल निकास की व्यवस्था हो।

## किस्म

एन–53, एग्री फाउण्ड रेड डार्क,भीमा सुपर, भीमा डार्क रेड, भीमा रेड,भीमा सुभ्रा,अर्का कल्याण

## भूमि की तैयारी

खेत की गहरी जुताई करके खेत को भुर–भुरा बना लेना चाहिये।

## बीज दर

खरीफ फसल हेतु 12–15 कि. प्रति हेक्टे. बीज पर्याप्त रहता है।

## बुवाई समय

नर्सरी में बुवाई का उपयुक्त समय मई–जून है।

## नर्सरी तैयार करना



प्याज की नर्सरी हेतु उपजाऊ, जल निकास युक्त तथा सिंचाई की सुविधा युक्त भूमि का चयन करें। एक हेक्टेयर में प्याज लगाने हेतु 500 वर्ग मीटर में नर्सरी तैयार करनी चाहिये, नर्सरी क्यारी 1 मीटर चौड़ी व 15 सेमी. ऊंची बनाये। क्यारी में सिंचाई हेतु बूंद–बूंद सिंचाई का स्प्रिंकलर का उपयोग भी किया जा सकता है। अधिक गर्मी से बचाने के लिये शेड नेट का उपयोग किया जा सकता है।

## रोपाई की दूरी

प्याज की पौध को पंक्तियों में 15–20 सेमी की दूरी पर तथा पौधे से पौधे की दूरी 10 सेमी रखते हैं।

## खाद एवं उर्वरक

खेत तैयार करते समय 25–30 टन प्रति हेक्टेयर गोबर की खाद मिट्टी में मिलाये तथा 130 किलो यूरिया+310 किलो फास्फोरस +100 किलो पोटाश+ 20किलो सल्फर प्रति हेक्टेयर रोपाई के पूर्व मिट्टी में मिलायें। शेष यूरिया 130 किलो प्रति हेक्टेयर को रोपाई में 30–40 दिन बाद में देना चाहिये।

## जल प्रबंधन

साधारणतः खरीफ फसल हेतु सिंचाई की आवश्यकता नहीं होती है, फिर भी वर्षा नहीं होने परखेत में नमी बनाये रखने हेतु हल्की सिंचाई करें। खरीफ प्याज में जल निकास का उचित प्रबंध करना महत्वपूर्ण है।

## निंदाई-गुड़ाई

प्याज के अच्छे उत्पादन के लिये खेत का खरपतवारों से मुक्त रखें। अच्छी फसल के लिए शुरू में 2–3 बार खरपतवार निकालना आवश्यक है। खरपतवारनाशक के रूप में बासालिन 2–2.5 लीटर/हेक्टर रोपाई के तुरन्त बाद छिड़काव करें तथा 40–45 दिन बाद निंदाई–गुड़ाई करें।





## प्याज की खुदाई

सामान्यतः रबी फसल में तैयार होने पर पत्तियों के शीर्ष पीले पड़कर सूख जाते हैं। तब सिंचाई रोक दें तथा इसके 10–15 दिन बाद सिंचाई करें। खरीफ मौसम में पत्तियां गिरती नहीं हैं अतः गांठों का आकार 6–8 सेमी. व्यास का हो जायें तो पत्तियों को पैरों से जमीन पर गिरा दें। जिससे पौधों की वृद्धि रुक जाये तथा गांठें ठोस हो जाएं। इससे 15 दिन बाद खुरपी से खुदाई करें। खुदाई के बाद कंदों को पत्तों सहित 3–5 दिन तक छाया में रखें, इसके बाद 2.0–2.5 सेमी, डंठल छोड़कर पत्तों को काटें तथा अच्छी तरह सुखा लें।

## उपज

200–250 क्वि/हेक्टेयर तक उपज मिल जाती है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website** : www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## जनसुनवाई कार्यक्रम -सह-जनता दरबार का आयोजन

# यह मंच केवल संवाद नहीं बल्कि समाधान का माध्यम है: उपायुक्त

- ✔ सामूहिक मुद्दों को प्राथमिकता देने की अपील

**मेट्रो रेज**



**साहिबगंज:** जिला प्रशासन द्वारा अग्रवाल महेश्वरी खंडेलवाल बड़ी धर्मशाला चौक बाजार साहिबगंज में जनसुनवाई कार्यक्रम -सह-जनता दरबार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त हेमंत सती ने की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग, उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा सहित जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम में केन्द्रीय सचिव झारखंड मुक्ति मोर्चा बोरियो विधायक धनंजय सोरेन और राजमहल विधायक मो. ताजुद्दीन की गरिमामयी उपस्थिति रही। दीप प्रज्वलन और पौधा भेंट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उपायुक्त ने कहा संवाद नहीं, समाधान का माध्यम है जनता दरबार अपने संबोधन में उपायुक्त सती ने कहा कि यह मंच केवल संवाद नहीं बल्कि समाधान का माध्यम है। हमारा उद्देश्य है कि जनहित से जुड़ी समस्याओं का त्वरित और व्यवस्थित समाधान किया जाए।उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक प्रश्न का समाधान कितने दिनों में होगा। इसका उत्तर मंच से ही देने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से व्यक्तिगत नहीं सामूहिक मुद्दों को प्राथमिकता देने की अपील की जबकी पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिया भरोसा मजबूत पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने कहा कि हाल के दिनों में अवैध हथियारों की गतिविधियों की जानकारी मिली जिसमें छापामारी का बरामद किया जा चुका है, जिसको लेकर शहर में गश्त और निगरानी तेज कर दी गई है। आधुनिक उपकरणों की मदद से संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। आम जनता से अपील की गई कि यदि किसी को कोई गुप्त सूचना मिले तो उसे तत्काल प्रशासन तक पहुंचाएं।सामूहिक समस्याओं पर हुई खुली चर्चा समाधान को मिला त्वरित संज्ञान स्वास्थ्य, शिक्षा, आधारभूत संरचना, जल संकट, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, अतिक्रमण, परिवहन व्यवस्था और युवा कल्याण से जुड़े मुद्दों पर नागरिकों ने खुलकर अपनी बात रखी। सभी को क्रमवार माइक सुविधा दी गई। उपायुक्त को लिखित आवेदन सौंपे गए, जिन पर तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।स्टॉल के माध्यम से समस्याओं का लिया गया आवेदन दी गई योजनाओं की जानकारी जनता दरबार स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर नागरिकों से लिया गया समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किया गया व योजनाओं, सुविधाओं और सेवाओं की जानकारी दी गई। सभी स्टॉलों पर काफी संख्या में लोग उपस्थित होकर सरकार की योजनाओं की जानकारी ली एवं आवेदन दिया।मौके पर परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, अपर समाहर्ता गौतम भगत, सिविल सर्जन प्रवीण कुमार संथालीया, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी छुटेश्वर दास, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष सहित जिला स्तरीय सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## घर के किचन में छिपे सुगुवा सांप का रेस्क्यू



**साहिबगंज:** इन दोनों लगातार तापमान की बढ़ोतरी से आमजन सहित जानवर भी बहुत परेशानी में किसी तरह जी रहे। पर्यावरण की दुष्प्रभाव साफ दिखाई दे रहा है। वही दूसरी ओर नगर थाना क्षेत्र स्थित रविवार की सुबह लगभग 9 :00 बजे भारतीया कॉलोनी में रह रहे प्रभात कुमार सिंह के घर के किचन में छिपे सुगुवा सांप का रेस्क्यू किया गया।ये सांप पेड़ो पे अधिक देखा जाता है।और या विषहीन सांप होता है ।इसका मुख्य भोजन छिपकली और छोटी चिड़ियां है। ये लोगों के घरों में रह रहे छिपकली की गंध लेता है और अपने भूख को मिटाने और छिपकली को खाने के लिए ही लोगो के घरों में प्रवेश कर जाते है। और लोग इस सांप को देख कर ही डर जाते है। सभी को पता नहीं कि ये सांप विषहीन है।लेकिन सांप देख कर डर जाते है ।विशेष आपके आस –पास कोई भी सांप यदि किन्हीं व्यक्ति को काट सर्पदंश लेता है। तो आप शीघ्र अति शीघ्र मरीज को नजदीकी जिला स्वास्थ्य केंद्र लेकर जाए । झाड़ फूंक कर कर अपना ओर मरीज का समय बर्बाद न करे।

## बिजली विभाग की अनदेखी : बेगमगंज में जर्जर तारों से जानमाल का खतरा, ग्रामीणों में आक्रोश



**मेट्रो रेज**

**साहिबगंज/उधवा:** प्रखंड क्षेत्र की दक्षिण बेगमगंज पंचायत के ग्रामीण इन दिनों गंभीर बिजली संकट और जर्जर विद्युत तारों से उत्पन्न हो रहे जानलेवा खतरे से जूझ रहे हैं। बार-बार शिकायत के बावजूद बिजली विभाग की घोर अनदेखी से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। गांव में लगे बिजली के तार इतने जर्जर, ढीले और नीचे लटके हुए हैं। कि उनसे लगातार शॉर्ट सर्किट हो रहा है, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों के लिए हर पल जान का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार ये तार टूटकर जमीन पर गिर चुके हैं, जिससे बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है और गांव में भय का माहौल व्याप्त है। ग्रामीणों ने इस गंभीर समस्या को लेकर 10 जून को संबंधित विभाग को एक लिखित आवेदन भी सौंपा था। इस आवेदन में लगभग 20-21 नए विद्युत पोल और नए तार लगाने की मांग की गई थी। ग्रामीणों ने अपने आवेदन में स्पष्ट रूप से बताया था कि वे लो वोल्टेज की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित हो रही है और घरेलू कार्यों में भी भारी कठिनाई आ रही है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी थी कि बरसात के मौसम में यह खतरा और भी अधिक बढ़ जाएगा। आवेदन पर ग्राम प्रधान सहित दर्जनों ग्रामीणों के हस्ताक्षर भी थे।लेकिन इसके बावजूद आज तक बिजली विभाग द्वारा कोई भी सुधार कार्य नहीं किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन तब तक नहीं जागेगा जब तक कोई बड़ा हादसा नहीं हो जाता और कोई अनहोनी नहीं हो जाती। अब निराश ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से गुहार लगाई है कि इस गंभीर समस्या का तत्काल संज्ञान लिया जाए और जनहित में शीघ्र उचित कार्रवाई की जाए।ताकि किसी बड़े हादसे को टाला जा सके।

## थाना प्रभारी ने अपनी टीम के शराबियों को खदेड़ा

साहिबगंज : नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने अपने पुलिस जवानों के साथ बाइक पर सवार होकर शुक्रवार की रात्रि शराबियों को खदेड़ा है। दरअसल शहर के विभिन्न एकांत जगह पर शराबियों का अड्डा लगाने की सूचना थाना प्रभारी को लगातार प्राप्त हो रही थी। जिसको लेकर थाना प्रभारी ने शुक्रवार की देर रात्रि रेलवे इंस्टिट्यूट,वायसी स्थान के निकट फील्ड में,गैस गोदाम,माल गोदाम, मुक्तेश्वर घाट, शकुंतला घाट, पश्चिमी फाटक ,रसूलपुर दहला, महिला कॉलेज के पीछे सहित विभिन्न स्थानों पर सघन छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी अभियान के दौरान कई एकांत जगहों पर अलग–अलग ग्रुप बनाकर युवक शराब का सेवन कर रहे थे जिसको पुलिस की टीम ने पकड़ा और जमकर क्लास लगाई । कुछ युवक घटनास्थल से भागने में सफल रहे तो कुछ को पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ा तो कुछ युवकों की पुलिस ने मारपीट भी की। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि युवक एकांत जगहों पर ग्रुप बनाकर शराब का सेवन करते हैं। शराब का सेवन के बाद बाजार घूमने के दौरान कई लोग मारपीट जैसी घटना को भी अंजाम दे देते हैं। वैसे लोगों को अब बक्सा नहीं जाएगा। पुलिस लगातार छापेमारी अभियान चलाते रहेगी। जिन लोगों को चेतावनी देकर छोड़ा गया है वह अगर दोबारा पढ़ते हैं तो उसे पर कार्रवाई भी की जाएगी।इधर जिरवाबाडी थाना प्रभारी शशि सिंह ने शराबियों के विरुद्ध मुहिम चलाते हुए छापेमारी अभियान चलाया। यह छापेमारी जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के अंजुमन नगर, स्टेडियम, हटिया, पचगढ़, घोंघी, मदनसाही शाहिद सहित विभिन्न जगहों पर चली। इसी दौरान सर आपका सेवन करते पकड़े गए युवकों को थाना प्रभारी ने जमकर फटकार लगाई।

## वंशावली सत्यापन को लेकर अंचलाधिकारी ने ग्रामीणों के साथ की बैठक

**मेट्रो रेज**



साहिबगंजः जिले के उपायुक्त हेमंत सती के निर्देश पर मंडरो प्रखंड के दामिनी भिट्ठा पंचायत अंतर्गत बड़ा गुट्टी बेड़ा गांव में प्रखंड के अंचलाधिकारी मेघनाथ उरांव ने ग्रामीणों के साथ बैठक की। बैठक की अध्यक्षता गांव के ग्राम प्रधान दिलीप मालपानी की। बैठक में कई समस्याओं पर विचार व्यक्त किया गया, जिसमें मुख्य रूप से दो पक्षों में वंशावली को लेकर चल रहे तकरार पर भी सुनवाई की गई। बैठक में बड़ा गुट्टीबेड़ा एवं जोकमारी गांव के 16 आना रैयतों ने भाग लिया। ग्रामीणों की उपस्थित में दोनों पक्षों की ओर से रखी गई दलीलों को अंचलाधिकारी ने गंभीरता से सुना। ग्रामीणों की मौजूदगी में अंचलाधिकारी ने पूर्व में ग्राम प्रधान के अनुशंसा पर निर्गत किए गए एक वंशावली पर सुनवाई करने के बाद इसकी रिपोर्ट तैयार की।? हालांकि उक्त रिपोर्ट पर दोनों पक्षों की ओर से हस्ताक्षर नहीं किया गया। एक पक्ष के सुखदेव पहाड़िया और जोतसा मालतो ने कहा कि वंशावली की जो रिपोर्ट तैयार करवाई गई है वह सही है।वहीं दूसरे पक्ष की ओर से जवाहर मालतो, हीरा मालतो व मौसमी मालतो ने ग्रामीण की बैठक पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि बैठक में केवल बड़ा गुट्टी बेड़ा व जोकमारी गांव के ग्रामीणों को ही भाग लेना था। लेकिन यहां कई गांव के ग्रामीण मौजूद थे। इसके कारण बैठक में वंशावली के संबंध में सही निर्णय नहीं किया जा सका। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 में ही ग्राम प्रधान के अनुशंसा पर उन लोगों को वंशावली निर्गत किया गया है।उन लोगों की वंशावली सही है इसे कोर्ट ने भी माना है।जब कोर्ट ने वंशावली को सही मानते हुए इसको लेकर आदेश दे दिया है ।तो फिर ग्राम सभा का औचित्य कहां रह जाता है? यदि विपक्षी को वंशावली को लेकर कोई विरोध है।तो उन्हें कमिश्नर कोर्ट जाना चाहिए ना की ग्राम सभा में। उन लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा कि जो ग्राम सभा में वंशावली संबंधी रिपोर्ट तैयार की गई। वह कई गांवों के ग्रामीणों के दबाव में की गई। जिसका वेलोग विरोध करते हैं। और इस संबंध में जरूरत पड़े तो वेलोग न्यायालय की शरण में भी जाएंगे। वही मंडरो प्रखंड के अंचलाधिकारी मेघनाथ उरांव ने कहा कि उपायुक्त निर्देश पर ग्राम सभा के माध्यम से मामले की जांच की गई है। इसकी रिपोर्ट वे जल्द ही उपायुक्त को सौंप देंगे।

## संताल परगना बैडमिंटन चैंपियनशिप 2025

# खेल जीवन का अभिन्न अंग : उपायुक्त

**मेट्रो रेज**



**साहिबगंज:** फूलो-झानो इनडोर स्टेडियम साहिबगंज में पहली बार आयोजित दो दिवसीय संताल परगना बैडमिंटन चैंपियनशिप 2025 का शनिवार को भव्य समापन हुआ। जिला प्रशासन और खेल विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस प्रतियोगिता में संताल परगना के सभी जिलों से खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कुल 60 से अधिक टीमों की भागीदारी इस क्षेत्र में खेल के प्रति बढ़ती जागरूकता और उत्साह को दर्शाती है। प्रतियोगिता का उद्घाटन 13 जून को उपायुक्त-सह-निदेशक हेमंत सती द्वारा वीरांगना फूलो-झानो की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभकामनाएं दीं और कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा है, जो न केवल शरीर को स्वस्थ रखता हैबल्कि अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना भी विकसित करता है। उद्घाटन समारोह में जिला खेल पदाधिकारी पंकज झा, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद अभिषेक कुमार सिंह तथा अन्य अतिथि उपस्थित रहे। चैंपियनशिप में चार वर्गों में मुकाबले हुए। पुरुष ओपन वर्ग में 29 टीमों, अंडर-19 में 19 टीमों, महिला ओपन में 5 टीमों एवं अंडर-19 महिला वर्ग में 7 टीमों ने भाग लिया। तीन कोर्ट पर एक साथ शुरू हुए मुकाबले पूरे दो दिनों तक चले, जिनमें खिलाड़ियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। विजेता टीमों की सूची इस प्रकार है।अंकेश कुमार एवं उत्सव कुमार देवघर, उपायुक्त हेमंत सती एवं विनायक शर्मा साहिबगंज मोहन कुमार एवं आदित्य कुमार साहिबगंज,अभिषेक कुमार व उत्सव कुमार देवघर, विनायक शर्मा एवं स्नेह शर्मा साहिबगंज जे. जोस जॉयसन एवं आदर्श राज साहिबगंज युवतियों डबल अंडर-19 प्राची कुमारी एवं लाडली रोज देवघर,नेहा कुमारी एवं सृष्टि सुमन देवघर,समृद्धि चौरसिया एवं पारिधि चौरसिया पाकुड़, बालक वर्ग में डबल ओपनसोनाली दुबे एवं लाडली रोज देवघर, नेहा कुमारी एवं सृष्टि सुमन देवघर मिमिसा चक्रवर्ती एवं शक्या राज साहिबगंज,प्रतियोगिता के समापन समारोह में सभी विजेताओं को 25,000, उपविजेताओं को 10,000 नकद राशि, ट्रॉफी, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। फाइनल मैचों के दौरान दर्शकों और अभिभावकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। आयोजन का प्रत्येक क्षण युवाओं के कौशल, ऊर्जा और खेल भावना का प्रतीक बन गया।आयोजन समिति की विशेष भूमिकाइस सफल आयोजन के पीछे एक समर्पित और संगठित आयोजन समिति की अथक मेहनत थी। निदेशक-सह-उपायुक्त हेमंत सती के नेतृत्व में पूरी टीम ने योजना, समन्वय और क्रियान्वयन की जिम्मेदारी को उत्कृष्ट रूप से निभाया। श्री पंकज झा कार्यकारी निदेशक-सह-जिला खेल पदाधिकारी ने तकनीकी संचालन का नेतृत्व किया। जबकि श्री कुमार हर्ष सहायक निदेशक-सह-जिला शिक्षा अधीक्षक ने शिक्षा विभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए आयोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित की।स्टेडियम प्रबंधक अरविंद साहा ने लॉजिस्टिक और ग्राउंड संचालन को बेहतरीन तरीके से संभाला। चैंपियनशिप समन्वयक कौशल किशोर मरांडी, कोच योगेश यादव, सह समन्वयक आदित्य कुमार, आवास समन्वयक गौरव प्रियदर्शी, खाद्य समन्वयक गौरव झा एवं डेस्क प्रभारी गौतम झा सहित अन्य सभी सदस्यों का योगदान अत्यंत सराहनीय रहा।उपायुक्त का संदेश समापन समारोह के दौरान उपायुक्त श्री हेमंत सती ने आयोजन समिति को उनकी निष्ठा और टीम भावना के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा यह आयोजन साहिबगंज के युवाओं के लिए प्रेरणा है।और भविष्य में ऐसे और भी आयोजन होंगे जो जिला को राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर खेलों के क्षेत्र में पहचान दिलाएंगे। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन साहिबगंज में खेलों के विकास के लिए हर संभव प्रयास करता रहेगा।इस ऐतिहासिक आयोजन ने साहिबगंज को संताल परगना के खेल नक्शे पर एक सशक्त उपस्थिति दिलाई है। प्रतिभागियों, दर्शकों और आयोजकों के सहयोग से यह प्रतियोगिता एक मिसाल बनकर उभरी है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### छापेमारी करने आयी पुलिस टीम को देखकर भागा युवक, गिरकर हुआ घायल

साहिबगंज:जिरवाबाडी थाना क्षेत्र के अंजुमन नगर में छापेमारी करने गई पुलिस को देखकर भागा युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिरवाबाडी पुलिस ने युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया। युवक अंजुमन नगर का रहने वाला मोहम्मद सोहेब है। बताया जा रहा है।कि मोहम्मद सोहेब के विरुद्ध वारंट निर्गत था। जिरवाबाडी पुलिस को सूचना मिली कि शोहेब अपने अंजुमन नगर स्थित घर में है। सूचना पर पुलिस की टीम ने उक्त घर में छापेमारी की सोहेब पुलिस की टीम को देखकर घबरा गया और वह छत से कूद पड़ा जिससे उसके पैर में गंभीर चोट लगी पुलिस ने तुरंत उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया।

### पारिवारिक विवाद में मारपीट, तीन घायल

साहिबगंज : जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के छोटी सोलबांधा निवासी आशा देवी के साथ उसके ही परिवार के तीन से चार लोगों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल अपनी शिकायत को लेकर जिरवाबाडी खाना पहुंची जहां पुलिस ने इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।घायल आशा देवी ने बताया कि मेरा पति बाहर काम करता है।मेरा गैस सिलेंडर मेरे पति के चचेरा भाई शंभू ठाकुर के पास था जब वह मांगने गई तो शंभू ठाकुर शिवम ठाकुर सहित अन्य लोग मेरे साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर मुझे घायल कर दिया और मेरे गले से चैन भी छीन लिया। इन लोगों की शिकायत पुलिस से की है।

### नाबालिक लाखो कुमारी ने पीया कीटनाशक , अस्पताल में भर्ती

**साहिबगंज:** बोरियो थाना क्षेत्र के बांझी मठिया निवासी गुलशन सिंह की 16 वर्षीय नाबालिक पुत्री लाखो कुमारी ने कीटनाशक दवा खा ली।हालत बिगड़ने पर स्वजनों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार किया। नाबालिक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। नाबालिक की मां ने बताया कि बेटी हमेशा घर में बैठी रहती थी उसको बोला कि थोड़ा बहुत पढ़ भी लिया करो और घर का भी काम किया करो इसी बात को लेकर थोड़ा डांट फटकार लगाया। तब मेरी पुत्री ने गुस्से में आकर गेहूं में डालने वाला कीटनाशक दवा पी ली, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई।

### किसी के बहकावे में न आये, युवा वर्ग आगे बढ़कर करें रक्तदान : सिविल सर्जन

**साहिबगंज** :विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर महिला चिकित्सक डॉ किरण माला ने पहली बार रक्तदान किया। वही उन्होंने 18 वर्ष से ऊपर की बालिकाओं महिलाओं को आगे आकर रक्तदान करने के लिए जागरूक किया। रक्तदान करने से मनुष्य बिल्कुल स्वस्थ्य रहता है।शरीर में नया रक्त बनता है।कई तरह की बीमारियों से दूर रहता हैं ।और रक्तदान से पूर्व कई तरह का जांच भी होता है। किसी के बहकावे में नहीं आए, युवा वर्ग आगे आकर रक्तदान करे और खुद को फिट स्वास्थ्य रखे। आपका एक यूनिट रक्तदान करने से किसी जरूरतमंद का जान समय रहते बचाया जा सकता है। कन्या दान से भी बड़ा पुण्य का कार्य रक्तदान का है।

### विश्व रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में जिला बाल संरक्षण इकाई के कर्मियों ने किया रक्तदान




**दुमकाः** विश्व रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य पर बाल संरक्षण के विभिन्न कर्मियों ने शनिवार को कुम्हारपाड़ा स्थित ग्लोकल ब्लड सेंटर में रक्तदान किया। ग्लोकल ब्लड सेंटर के संचालक मो० वाज़िद अंसारी ने सभी रक्तवीरों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि अपने जीवन में सभी को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में आयरन का संतुलन बना रहता है। ज्यादा आयरन जमा होने से हार्ट अटैक का खतरा बढ़ सकता है। साथ ही इससे ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल भी कंट्रोल में रहता है, जिससे हार्ट हेल्थ बेहतर होती है। रक्तदान करने वाले संप्रेक्षण गृह के अब्दुल गफ्फार, सुमित कुमार, संदीप कुमार, सुबोध कुमार सुमन, चाइल्ड हेल्पलाइन से मो० शमीम अंसारी, मो० इब्नुल हसन, पवन कुमार मंडल, बाल गृह (बालक) से संजू कुमार, दिनेश कुमार पासवान रक्तवीरों ने रक्तदान किया।

### सीनेट के सदस्यों ने कुलपति से की शिष्टाचार मुलाकात



**दुमकाः** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के कुलपति प्रो. कुनुल कंदीर से शनिवार तीनों नवनियुक्त सीनेट सदस्यों ने शिष्टाचार भेंट की और विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं शोध-संबंधी गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की। इस प्रतिनिधिमंडल में विश्वविद्यालय के नव नियुक्त सीनेट सदस्य डॉ. कलानंद ठाकुर, डॉ. अन्हद लाल तथा विमल मरांडी शामिल थे। सीनेट सदस्यों ने इस अवसर पर कुलपति को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया और औपचारिक परिचय के बाद चर्चा की शुरूआत की।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वर्तमान परिदृश्य, भावी योजनाएं तथा जमीनी स्तर पर लागू की जा रही नीतियों को लेकर सकारात्मक और रचनात्मक संवाद हुआ। छात्र संघ चुनाव, संबद्ध महाविद्यालयों के शिक्षकों को शोध कार्य में प्रोत्साहन जैसे विषयों सहित कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई। सदस्यों ने शिक्षकों के हित से जुड़े विषयों को भी प्रमुखता से उठाया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार भी उपस्थित थे।



अक्षय खन्ना से डरकर

## इस एक्टर से मदद मांगने पहुंची थीं विद्या

बॉलीवुड अभिनेत्री विद्या बालन ने हाल ही में बताया कि एक फिल्म की शूटिंग के दौरान उन्हें अभिनेता अक्षय खन्ना के गुस्से का सामना करना पड़ा था। जानिए क्यों। जानी-मानी अभिनेत्री विद्या बालन ने सालों पहले की एक घटना को याद किया है, जब वह सलाम-ए-इश्क फिल्म की शूटिंग कर रही थी। उस दौरान उन्हें अभिनेता अक्षय खन्ना के गुस्से का सामना करना पड़ा था और एक्ट्रेस उनसे बचने के लिए दूसरे एक्टर से मदद मांगने पहुंचीं। आइए जानते हैं आखिर किस बात पर नाराज हुए अक्षय खन्ना।

### फिल्म मना करने पर हुए नाराज


अभिनेत्री विद्या बालन हाल ही में बॉलीवुड हंगामा स्टाइल आइकन्स समिट में शामिल हुईं। बातचीत के दौरान अभिनेत्री ने सालों पहले की एक घटना को याद किया। उन्होंने कहा, 'मुझे अक्षय खन्ना के साथ एक फिल्म ऑफर की गई थी, लेकिन किसी कारण से मैं स्क्रिप्ट से जुड़ नहीं पाई। हालांकि, मैंने फोन करके उन्हें यह बात नहीं बताई, मैंने अपने मैनेजर से निर्देशक को यह बात बताने को कहा।'

### जब अक्षय खन्ना से बचने के लिए भागीं विद्या बालन

आगे बातचीत में अभिनेत्री ने बताया, 'इसके बाद सलाम-ए-इश्क के सेट पर मैं अक्षय से मिली और वो मुझपे अपना गुस्सा निकाल रहे थे। उन्होंने कहा तुमने मुझे क्यों नहीं बताया कि तुम फिल्म नहीं करना चाहती थी? मैं जॉन अब्राहम के पास गई और कहा, क्या तुम मुझे बचा सकते हो? क्योंकि मैं उस समय नई थी, मैं कोई झगड़ा नहीं चाहती थी। मैं किसी को चोट नहीं पहुंचाना चाहती थी या किसी को बुरा महसूस नहीं कराना चाहती थी। लेकिन जाहिर है, वह सिर्फ मेरा मजाक उड़ा रहे थे। मुझे बाद में पता चला।'

# प्रभास की फौजी पर आई नई अपडेट

पैन-इंडिया स्टार प्रभास इन दिनों दो बड़ी फिल्मों, द राजा साब और फौजी में व्यस्त हैं। द राजा साब का प्रोडक्शन पूरा हो चुका है, जबकि फौजी की शूटिंग हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में जोर-शोर से चल रही है। जानिए फौजी को लेकर नई अपडेट क्या आई है... एक खबर के मुताबिक, फौजी के डायरेक्टर हनु राघवपुडी फिल्म फौजी के एक सीन के लिए एक विशाल विंटेज टिम्बर डिपो सेट तैयार करा रहे हैं, जिसमें वह फिल्म का एक भव्य खास सीन शूट करने की तैयारी में हैं। इस सीन में प्रभास के साथ फिल्म के कई मुख्य कलाकार हिस्सा लेंगे।



### फिल्म फौजी

फौजी 1940 के ब्रिटिश भारत की पृष्ठभूमि पर आधारित एक युद्ध और रोमांटिक एक्शन ड्रामा फिल्म है, जिसमें प्रभास एक सैनिक की भूमिका में नजर आएंगे। इंस्टाग्राम स्टार इमानवी इस फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं। मिथुन चक्रवर्ती, अनुपम खेर और टॉलीवुड की सीनियर एक्ट्रेस जयाप्रदा भी अहम किरदारों में हैं। फिल्म का म्यूजिक विशाल चंद्रशेखर तैयार कर रहे हैं। इसे माइथ्री मूवी मेकर्स प्रोड्यूस कर रहे हैं।

### द राजा साब

द राजा साब, मारुति द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म है। इसे पीपल मीडिया फैक्ट्री द्वारा निर्मित किया जाएगा। यह एक रोमांटिक कॉमेडी हॉरर फिल्म है। इस फिल्म में प्रभास दोहरी भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में प्रभास के अलावा निधि अग्रवाल, मालविका मोहनन और ऋद्धि कुमार महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगी। वैसे यह फिल्म मालविका मोहनन की तेलुगु डेब्यू फिल्म है। हाल ही में फिल्म का एक और पोस्टर रिलीज हुआ और साथ ही फिल्म की रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया गया है। यह फिल्म 5 दिसंबर 2025 को रिलीज होगी।



## कैटरीना कैफ को पसंद आया देवर सनी का रैप सॉन्ग मिड एयर फ्रीवर्स

कैटरीना कैफ ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर सनी कौशल के नए रैप सॉन्ग मिड एयर फ्रीवर्स की एक झलक साझा की और इसके साथ सनी के लिए एक छोटा सा प्रशंसा नोट भी लिखा। कैटरीना के अलावा वामिका गब्बी सनी कौशल का यह गाना शुक्रवार को रिलीज हुआ। इस गाने में सनी ने गीत लिखने और गाने दोनों का काम किया है। गाना पंजाबी स्टाइल और ऊर्जा से भरा है। कैटरीना ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा, मुझे यह गाना बहुत पसंद आया, कमाल का है। वीडियो भी शानदार है। वहीं सनी की कथित गर्लफ्रेंड शरवरी वाघ ने भी गाने की तारीफ की और इसे अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया, जिसमें उन्होंने फायर इमोजी के साथ सनी को टैग किया। शरवरी के अलावा वामिका गब्बी ने भी सनी की प्रशंसा करते हुए लिखा, यह गाना जबरदस्त है, तू आग है! मिड एयर फ्रीवर्स को अपसाइडडाउन और आइकॉनिक ने बनाया है। गाने में सनी काले सूट, दाढ़ी और शेड्स में शानदार दिख रहे हैं, जिसमें उनकी पंजाबी जड़ें साफ झलकती हैं। सनी ने गाने को शेयर करते हुए बताया कि इसे बनाना बहुत मजेदार था और उन्होंने उम्मीद जताई कि लोग इसे सुनकर उतना ही पसंद करेंगे। सनी आखिरी बार फिर आई हसीन दिलरुबा में नजर आए थे।

# 'सरदार 2' की शूटिंग के लिए बैंकॉक पहुंचीं मालविका मोहनन



**मलयालम** और हिंदी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री मालविका मोहनन अपनी अपकमिंग तमिल फिल्म 'सरदार 2' की शूटिंग के लिए बैंकॉक पहुंच चुकी हैं। जासूसी-थ्रिलर फिल्म में वह अभिनेता कार्थी और राजिशा विजयन के साथ मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। मालविका ने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर बैंकॉक के सेट से एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह शूटिंग की तैयारी करती दिखीं। सूत्रों के अनुसार, फिल्म की टीम इस आखिरी शेड्यूल में कुछ रोमांचक एक्शन सीन्स और एक खास गाने को शूट कर रही है। 'सरदार 2' साल 2022 की हिट फिल्म 'सरदार' का सीक्वल है, जिसे निर्देशक पी.एस. मित्रन बना रहे हैं। मालविका ने प्रशंसकों के साथ एक सोशल मीडिया सीजन के दौरान बताया था कि वह जून में इस फिल्म की शूटिंग पूरी कर लेंगी। इस फिल्म की शूटिंग 100 दिनों से अधिक समय से चल रही है और अप्रैल में टीम ने 100 दिन पूरे किए थे। एक इंटरव्यू में बताया कि फिल्म का केवल 5-10 प्रतिशत हिस्सा शूट होना बाकी है और डबिंग का काम भी साथ-साथ चल रहा है। इवेंट में पता चला कि अभिनेता एसजे सूर्या फिल्म में खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे। उनके किरदार का नाम 'ब्लैक डैगर' है। सरदार 2 में कार्थी, एसजे सूर्या और राजिशा विजयन, मालविका मोहनन, आशिका रंगनाथ और सजल अहमद भी अहम भूमिकाओं में हैं। सरदार 2 में जॉर्ज विलियम्स ने सिनेमैटोग्राफी और सैम सीएस ने संगीत दिया है। फिल्म के स्टंट को कोरियोग्राफ दिलीप सुब्बारायन ने किया है और सीक्वल की कहानी एमआर पोन, रोजू बिपिन रागु और गीवी ने लिखी है। फिल्म की कहानी में कार्थी के किरदार को कंबोडिया और फिर चीन में जासूस के रूप में मिशन पर भेजा जाता है। निर्माताओं ने हाल ही में एक प्रोमो जारी किया था, जिसमें अभिनेता एस.जे. सूर्या को खलनायक 'ब्लैक डैगर' के रूप में दिखाया गया। फिल्म में कार्थी दोहरी भूमिका में हैं, जबकि मालविका का किरदार अभी गोपनीय रखा गया है।

## ऐतिहासिक जीत के बाद आया टेम्बा बावुमा का पहला रिएक्शन

साउथ अफ्रीका ने 27 साल बाद आईसीसी ट्रॉफी जीतकर इतिहास रचा है। टेम्बा बावुमा की कप्तानी वाली इस टीम ने आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया है। इस टीम ने उम्मीद इसलिए नहीं थी क्योंकि ये टीम बड़े मौकों पर कई बार चोकर्स साबित हुई और फिर इसका सामना आईसीसी फाइनल जीतने के लिए मशहूर ऑस्ट्रेलिया से था। लेकिन इतिहास बदल गया और ये हुआ बावुमा की कप्तानी में। अपनी कप्तानी में साउथ अफ्रीका को 27 साल बाद आईसीसी ट्रॉफी दिलाने वाले बावुमा इस ऐतिहासिक जीत पर बेहद खुश हैं। इससे पहले साउथ अफ्रीका ने 1998 में आईसीसी नॉक आउट ट्रॉफी जीती थी जो अब चैंपियंस ट्रॉफी के नाम से जानी जाती है। इसके बाद अब साउथ अफ्रीका के हिस्से खिताब आया है। इस मैच में बावुमा ने बताया कि वह इरादे के कितने पक्के हैं। तीसरे दिन मांसपेशियों में खिंचाव आने के बाद भी उन्होंने बैटिंग की और टीम की जीत की नींव रखी। बावुमा ने 66 रनों की पारी खेली। ये कुछ दिन काफी स्पेशल रहे। ऐसा लग रहा है कि साउथ अफ्रीका में हैं। हमने काफी मेहनत की। हम यहां काफी विश्वास के साथ आए थे। हम इस बात से खुश हैं कि जिस परिणाम को सोच कर आए थे वो मिला। हमारे लिए खास पल घर में साउथ अफ्रीका के लिए खास पल,काश महसूस कर रहा हूं। इसे पचाने में कुछ दिन लगेंगे। ऊर्जा हमारे अंदर थी, एक टीम के तौर पर हम ये चाह रहे थे। हमने बेहतरीन खेल दिखाया। हम धीरे-धीरे आगे बढ़ रहे थे। हम काफी लंबे समय से कंधे पर जिम्मेदारी उठा रहे थे, उम्मीद है कि ये कई ट्रॉफियां जीतने की शुरूआत होगी।

## रिलेशनशिप छिपाने में यकीन नहीं रखता



**बॉलीवुड** के मिस्टर परफेक्शनिस्ट कहे जाने वाले आमिर खान अक्सर अपनी बातों को खुलकर रखने के लिए भी जाने जाते हैं। आमिर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी काफी मुखर रहते हैं और उस पर बात करने से कतराते नहीं हैं। चाहें तलाक का मामला हो या फिर लव लाइफ का, आमिर खुलकर बात करते हैं। अब अमर उजाला के साथ बातचीत में आमिर ने अपनी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट के साथ अपने रिश्ते को लेकर बात की। उन्होंने बताया कि कैसे गौरी ने उनकी जिंदगी में शांति और संतुलन लाया, जबकि वे खुद थोड़े एक्स्ट्रीम स्वभाव के हैं। बातचीत के दौरान जब आमिर से पूछा गया कि गौरी ने आपको कैसे संभाला? तो आमिर ने कहा, 'देखिए, हर इंसान का दूसरों पर असर होता है। गौरी बहुत ही शांत और संतुलित हैं। मैं और गौरी दोनों एक-दूसरे से बहुत अलग हैं। लेकिन यही फर्क हमें एक-दूसरे की ओर खींचता है। जैसे कहते हैं 'अपोजिट्स अट्रैक्ट'।

### लोग अपने रिश्ते छुपाते हैं, लेकिन...

दो शादियों से तलाक के बाद गौरी के साथ अपने रिश्ते को सार्वजनिक करना कितना मुश्किल था। इस पर बात करते हुए आमिर ने कहा, 'अपने रिश्ते को सबके सामने स्वीकारना मेरे लिए बहुत बड़ा कदम था। मैंने गौरी को सबके सामने मिलवाया। इसका मतलब है कि मैं उनके लिए पूरा स्टैंड लेता हूं। बहुत लोग अपने रिश्ते छुपाते हैं, लेकिन मैं ऐसा नहीं करता। अगर मैं किसी का हाथ थामकर चलता हूं, तो मैं उन्हें सबके सामने सम्मान देना चाहता हूं। मेरी और उनकी इज्जत में कोई फर्क नहीं होना चाहिए। मैं कभी ऐसा कदम नहीं उठाऊंगा जिससे उनका दिल दुखे।'

## मेसी फीफा क्लब विश्व कप में इंटर मियामी का नेतृत्व करने के लिए उत्सुक

**मियामी।** फुटबॉल महानायक लियोनेल मेसी ने कहा है कि 2025 में अमेरिका में होने वाले फीफा क्लब विश्व कप के लिए उनकी उम्मीदें पहले के मुकाबलों से अलग होंगी, जब वह बार्सिलोना की ओर से इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भाग लेते थे। मेसी 2009, 2011 और 2015 में बार्सिलोना के साथ क्लब विश्व कप जीत चुके हैं। इस बार यह टूर्नामेंट विस्तारित 32 टीमों के फॉर्मेट में खेला जाएगा, जो चार सप्ताह तक चलेगा और संयुक्त राज्य अमेरिका के 11 शहरों में आयोजित होगा।



फीफा से बातचीत में मेसी ने कहा, 'इस टूर्नामेंट का हिस्सा बनने का मौका बेहद खास है। इस बार की उम्मीदें अलग हैं, लेकिन मैं उत्साहित हूं और दुनिया की बेहतरीन टीमों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने को लेकर तत्पर हूं।' इंटर मियामी अपने अभियान की शुरूआत शनिवार को मियामी के हार्ड रॉक स्टेडियम में अल अहली के खिलाफ करेगा। इसके बाद टीम पाल्मेइरास और पोर्टो से भिड़ेगी। मेसी ने कहा कि फीफा के सभी छह महाद्वीपों की टीमों की भागीदारी इस टूर्नामेंट को खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों के लिए खास अनुभव बनाएगी। उन्होंने कहा, 'दुनिया भर से बड़ी टीमें आ रही हैं और इससे दुनियाभर के लोगों की दिलचस्पी जुड़ी है। यह हमारे लिए एक नया और अलग अनुभव है। अमेरिका में दुनिया के बेहतरीन खिलाड़ियों को खेलते देखना एक अद्भुत अवसर है।' हालांकि उन्होंने माना कि यूरोपीय क्लब खिताब के प्रबल दावेदार होंगे, लेकिन उन्होंने दक्षिण अमेरिकी और अन्य क्षेत्रों की टीमों को भी हल्के में नहीं आंका। मेसी ने कहा, 'यह दक्षिण अमेरिकी और उभरती हुई टीमों के लिए भी बड़ा मौका है कि वे यूरोपीय दिग्गजों के खिलाफ खेलें। वे टीमें जिनके पास दुनिया के सबसे अच्छे खिलाड़ी हैं और जिन्हें देखने के लिए लोग बेताब रहते हैं।यह खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों के लिए एक शानदार अनुभव होगा। 2025 क्लब विश्व कप की शुरूआत इस शनिवार से हो रही है और यह टूर्नामेंट 2025 गर्मियों में अमेरिका में आयोजित होने वाले सबसे बड़े फुटबॉल आयोजनों में से एक माना जा रहा है।

# पहली बार पेरिस डायमंड लीग में हिस्सा लेंगे नीरज चोपड़ा, नया रिकॉर्ड बनाने पर नजर

एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारत के स्टार जेवलिन थ्रोअर नीरच चोपड़ा 20 जून को होने वाले पेरिस डायमंड लीग में खेलने उतरेंगे। नीरज आठ साल बाद इस टूनार्मेंट के पेरिस चरण में हिस्सा लेंगे। नीरज लगातार दो टूनार्मेंट में दूसरे स्थान पर रहे हैं और उनकी नजरें अब इस प्रतियोगिता में टॉप पर रहने की होगी। नीरज ने पिछले साल ओलंपिक खेलों पर ध्यान केंद्रित करने के कारण इसमें हिस्सा नहीं लिया था।

नीरज ने आखिरी बार 2017 में जूनियर विश्व चैंपियन के रूप में पेरिस डायमंड लीग में भाग लिया था और तब वह 84.67 मीटर के थ्रो के साथ पांचवें स्थान पर रहे थे। पेरिस डायमंड लीग के आयोजकों ने अभी प्रतियोगियों की पूरी सूची प्रकाशित नहीं की है लेकिन उन्होंने घोषणा की है कि नीरज और दो बार के विश्व चैंपियन ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले उन पांच खिलाड़ियों में शामिल हैं जो पहले ही 90 मीटर का आंकड़ा पार कर चुके हैं। पीटर्स 16 मई को दोहा डायमंड लीग और 23 मई को पोलैंड में जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल में नरीज के बाद तीसरे स्थान पर रहे थे।



वहीं नीरज ने 2025 सत्र की शुरूआत साउथ अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में एक आमंत्रण प्रतियोगिता में खिताब के साथ की। ये एफ श्रेणी की मामूली प्रतियोगिता थी जिसमें उन्होंने 84.52 मीटर का थ्रो किया। इसके बाद उन्होंने 16 मई को दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर के थ्रो के साथ 90 मीटर के जादुई निशान को पार किया लेकिन वह दूसरे स्थान पर रहे। जर्मनी के जूलियन वेबर ने 91.06 मीटर के साथ टॉप स्थान हासिल किया था।

# ग्लोबल सुपर लीग 2025: घरेलू मैदान पर खिताब की रक्षा को तैयार गुयाना अमेजन वॉरियर्स

एजेंसी

**जॉर्जटाउन (गुयाना)।** गुयाना अमेजन वॉरियर्स ने एक्सॉनमोबिल ग्लोबल सुपर लीग (जीएसएल) 2025 के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम अपने घरेलू मैदान झ्र गुयाना नेशनल स्टेडियम, प्रोविडेंस पर खिताब की रक्षा के लिए पूरी तरह तैयार है। अंतरराष्ट्रीय अनुभव से भरपूर इस टीम में युवा जोश और अनुभवी खिलाड़ियों का बेहतरीन मिश्रण है, जो इसे एक मजबूत दावेदार बनाता है।



2024 के उद्घाटन संस्करण में तीसरे स्थान पर रही वॉरियर्स टीम ने इस बार कुछ अहम बदलाव किए हैं। हालांकि टीम की कोर संरचना बरकरार रखी गई है। टीम की अगुवाई अनुभवी खिलाड़ियों जैसे इमरान ताहिर, मोईन अली, रोमारियो शेफर्ड और गुडाकेश मोती कर रहे हैं।

टीम में इस बार नए चेहरों के रूप में उभरते विकेटकीपर-बल्लेबाज ज्वेल एंड्रयू और आमिर जंगू को शामिल किया गया है। इसके अलावा टॉप-ऑर्डर के विस्फोटक बल्लेबाज जॉनसन चार्ल्स और एविन लुईस को भी टीम में जोड़ा गया है। बाएं हाथ के स्पिनर अकील होसेन गेंदबाजी आक्रमण को और मजबूती देंगे।

वापसी करने वाले अफगान बल्लेबाज रहमनुल्लाह गुरबाज, जिनका कैरेबियन प्रीमियर लीग में अच्छा रिकॉर्ड रहा है, भी टीम का हिस्सा हैं। आयरिश तेज गेंदबाज मार्क अडेयर और पाकिस्तानी ऑलराउंडर साउद शकील भी टीम की गहराई और विविधता को बढ़ाएंगे।

टीम को इस सीजन में कुछ बड़े खिलाड़ियों की अनुपस्थिति का सामना भी करना पड़ेगा। शाई होप, केवलॉन एंडरसन और रोस्टन चेज वेस्ट इंडीज टेस्ट टीम की ड्यूटी पर हैं, जबकि कीमो पॉल चोट के कारण बाहर हैं।

जीएसएल 2025 की शुरूआत धमाकेदार अंदाज में होगी, जहां पहले मुकाबले में न्यूजीलैंड की नई टीम सेंट्रल स्टैग्स का सामना ऑस्ट्रेलिया की होबार्ट हरिकेन्स क से होगा। इसके बाद रात के मुकाबले में मेजबान गुयाना अमेजन वॉरियर्स का आमना-सामना गत विजेता बांग्लादेश की रंगपुर राइडर्स से होगा। टूनार्मेंट में दुबई कैपिटल्स भी हिस्सा ले रही है, जो इंटरनेशनल लीग टी20 की मौजूदा चैंपियन है।

गुयाना अमेजन वॉरियर्स की टीमः इमरान ताहिर, एविन लुईस, जॉनसन चार्ल्स, मोईन अली, शिमरोन हेटमायर, साउद शकील, रोमारियो शेफर्ड, ड्वेन प्रिटोरियस, गुडाकेश मोती, अकील होसेन, रहमनुल्लाह गुरबाज, मार्क अडेयर, ज्वेल एंड्रयू, शमार स्प्रिंगर, आमिर जंगू।

# प्रधानमंत्री मोदी आज से तीन देशों की यात्रा पर

## कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन में भी करेंगे शिरकत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 से 19 जून तक तीन देशों की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान वे साइप्रस, कनाडा व क्रोएशिया जाएंगे। वे कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के अलावा पीएम मार्क कार्नी के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे।

विदेश मंत्रालय की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक यात्रा के पहले चरण में प्रधानमंत्री मोदी साइप्रस पहुंचेंगे। 15-16 जून की यह यात्रा साइप्रस गणराज्य के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस



के निमंत्रण पर हो रही है। राजधानी निकोसिया में प्रधानमंत्री मोदी व राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलिडेस के बीच वार्ता होगी।

### जी-7 शिखर सम्मेलन में भागीदारी

प्रधानमंत्री मोदी कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के निमंत्रण पर 16-17 जून को जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। यह जी-7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी की लगातार छठी भागीदारी होगी। शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री जी-7 देशों के नेताओं, अन्य आमंत्रित आउटरीच देशों के प्रमुखों के साथ वार्ता करेंगे। वे शिखर सम्मेलन के दौरान कई द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे।

### क्रोएशिया की पहली यात्रा

अपने दौरे के अंतिम चरण में क्रोएशिया गणराज्य के पीएम आंद्रेज प्लेंकोविच के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी 18 जून को क्रोएशिया की आधिकारिक यात्रा करेंगे। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की क्रोएशिया की पहली यात्रा होगी।

# इंफाल ईस्ट से विस्फोटक और हथियारों का जखीरा बरामद



एजेंसी

**इंफाल।** इंफाल ईस्ट ज़िले के यैंगांगपोकपी थाना क्षेत्र के अंतर्गत थायोंग चिंगयांग शांग्रान चिंग माखा लाइकोट कोम गांव में सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी अभियान चलाकर भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की गई। पुलिस प्रवक्ता ने रविवार को बताया कि बरामद सामग्री में 12 बोर बोल्ट एक्शन राइफल, 12 बोर एसबीबीएल राइफल, पैरा बम (51 मिमी), नंबर 36 हैंड ग्रेनेड, पोम्पी बम, 12 बोर के जिंदा कारतूस, टियर स्मोक शेल (मिर्ची युक्त) दो, टियर स्मोक शेल (सॉफ्ट नोज), रबर बुलेट (38 मिमी एंटी-रायट), टियर स्मोक ग्रेनेड तथा बीपी जैकेट (बिना प्लेट) शामिल हैं। सुरक्षा बलों ने बरामद सामग्री को कब्जे में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है। आशंका जताई जा रही है कि इनका इस्तेमाल किसी आपराधिक या असामाजिक गतिविधि में किया जाना था।

## न्यूज IN ब्रीफ

### बीएचयू के डॉक्टर संजय स्पाइन मीटिंग के लिए राष्ट्रीय संकाय के रूप में आमंत्रित

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के ऑर्थोपेडिक्स विभाग के डॉ. संजय यादव को स्पाइन मीटिंग के लिए राष्ट्रीय संकाय के रूप में आमंत्रित किया गया है। विश्वविद्यालय के जनसम्पर्क अधिकारी ने बताया कि प्रदेश की राजधानी लखनऊ में किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) की ओर से आयोजित प्रतिष्ठित स्पाइन मीटिंग में राष्ट्रीय संकाय के रूप में डॉ संजय सेवा देंगे। रीढ़ की देखभाल को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध संगठन एओ स्पाइन द्वारा आयोजित यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम इस बार सर्वाइकल और लम्बर डिजनरेटिव विकारों पर केंद्रित है।

### सहकर्मी की गोली से बीएसएफ जवान की मौत




**मुर्शिदाबाद।** मुर्शिदाबाद के शमशेरगंज में शनिवार रात बीएसएफ के एक जवान ने एक अन्य जवान की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान रतन सिंह के रूप में हुई है। रतन के शव को पोस्टमार्टम के लिए जंगीपुर महकमा अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस ने आरोपित बीएसएफ जवान को गिरफ्तार कर लिया है। विशेष सूत्रों के मुताबिक, शनिवार की रात शमशेरगंज में ड्यूटी के दौरान दो बीएसएफ जवानों में कहासुनी हो गई। उसी दौरान एक बीएसएफ जवान ने अपने साथी रतन पर गोली चला दी। इस घटना से शमशेरगंज के पहाड़घाटी इलाके में हड़कंप मच गया। गोली लगने से घायल रतन को गंभीर हालत में अनूपनगर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से उसे जंगीपुर महकमा अस्पताल ले जाया गया. वहां इलाज के दौरान रतन की मौत हो गई। उल्लेखनीय है कि वक्फ आंदोलन के कारण शमशेरगंज में अतिरिक्त बीएसएफ जवानों को तैनात किया गया है। दोनों रात में वहां ड्यूटी पर थे। सूत्रों के मुताबिक आपस में विवाद के कारण गोलीबारी हुई। हालांकि खबर लिखे जाने तक बीएसएफ की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई थी, लेकिन जंगीपुर जिला पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने घटना की सच्चाई स्वीकार की है।

### राष्ट्रीय राजमार्ग फ्रूट मंडी के पास एक टवेरा वाहन हुआ दुर्घटनाग्रस्त, दस लोग घायल

**अनंतनाग।** अनंतनाग जिले में बिजबिहाडा के जलबलीपोरा इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग फ्रूट मंडी के पास रविवार को एक टवेरा वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से दस लोग घायल हो गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि पंजीकरण संख्या जेके14बी-9328 वाली एक टवेरा राष्ट्रीय राजमार्ग फ्रूट मंडी के पास एक डिवाइडर से टकरा गई जिससे दस यात्री घायल हो गए। सभी दस लोगों को तुरंत एसडीएच बिजबिहाडा ले जाया गया जहां से उनमें से सात को इलाज के लिए जीएमसी अनंतनाग ले जाया गया है और बाकी तीन को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। घायलों की पहचान संजय कुमार पुत्र बीरी सिंह निवासी नई दिल्ली , बेनू पत्नी संजय कुमार निवासी आगरा यूपी , अजय पुत्र दरमिंदर निवासी फरीदाबाद , इफत पत्नी अजय कुमार निवासी फरीदाबाद, दरमिंदर पुत्र रामदास निवासी फरीदाबाद , अंजली पुत्री दरमिंदर निवासी फरीदाबाद तथा दुर्गाश देवी पत्नी धर्मेंद्र कुमार निवासी फरीदाबाद हरियाणा के रूप में हुई है। पुलिस ने इस घटना के संबंध में मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है।

### 12 वर्षीय नाबालिग रेप पीड़िता की इलाज के दौरान मौत

**सूरजपुर।** जिले के खड़गवां पुलिस चौकी अंतर्गत नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता की इलाज के दौरान रायपुर के एक अस्पताल में बीते देर रात मौत हो गया है। इस घटना से परिजनों के साथ साथ पूरे क्षेत्र के लोगों में शोक की लहर है। मिली जानकारी के अनुसार, सूरजपुर जिले के खड़गवां पुलिस चौकी अंतर्गत एक गांव की रहने वाली 12 वर्षीय नाबालिग लड़की अपने माता पिता के साथ अपने नानी के घर रहती थी। इसी दौरान एक जून को पीड़िता के साथ उसी गांव के एक नाबालिग ने दुष्कर्म किया। पीड़िता ने दुष्कर्म के बारे में परिजनों को कुछ नहीं बताया। लेकिन, छह जून को नाबालिग बच्ची का स्वास्थ्य खराब होने पर उसे अंबिकापुर में एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां जांच में दुष्कर्म के मामले का खुलासा हुआ। परिजनों ने पुलिस चौकी में मुकदमा दर्ज कराया। खड़गवां पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कई स्थानों पर छापेमारी की और आरोपित नाबालिग को हिरासत में लिया। आरोपित को बीते शाम कोर्ट में पेश करने के बाद बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया गया है। इधर, पीड़िता की खराब स्थिति के कारण उसे राजधानी रायपुर रेफर कर दिया गया। जहां आठ दिन बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने आरोपित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में एसपी संतोष महतो ने आज रविवार को बताया कि, पूरी घटना खड़गवां पुलिस चौकी क्षेत्र का है। यहां पर एक नाबालिग लड़की के साथ एक नाबालिग के द्वारा दुराचार किए जाने का मामला सामने आया है। इस मामले को लेकर मुकदमा दर्ज कर ली गई है। नाबालिग आरोपित को हिरासत में लेकर कोर्ट के आदेश पर संप्रेक्षण गृह में भेज दिया गया है। आगे की जांच जारी है।

### लाठी व डंडों से हमला कर युवक की हत्या

**हिसार।** सदर क्षेत्र के गांव हिंदवान में बीती रात तेजधार हथियारों व डंडों से वार करके एक युवक की हत्या कर दी। लगभग 33 वर्षीय मृतक नवीन का रविवार को नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम किया जाएगा। पुलिस मामले की जांच में लगी है लेकिन अभी तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। मिली जानकारी के अनुसार हिंदवान गांव में शनिवार देर सायं कुछ लोगों ने तेज धारदार हथियारों व डंडों से हमला करके नवीन नामक युवक की हत्या कर दी। हमलावरों ने बीच बचाव करने आई उसकी मां सावित्री और ताऊ राजबीर को भी घायल कर दिया। परिजनों ने बताया कि नवीन बी.टेक था और अब आयुर्वेद से फामेर्सी कर रहा था। वह शादीशुदा था और उसकी करीब चार महीने की एक बेटी है। वह शनिवार को देर सायं गांव के बस स्टेंड पर मौजूद था। वह वहां से घर जाने लगा तो गली में एक पड़ोसी ने 15-20 साथियों के साथ तेज धारदार हथियार व डंडे लेकर उसे घेर लिया और उस पर हमला कर दिया। नवीन ने खुद को छुड़वाने का प्रयास किया, मगर हमलावरों की संख्या अधिक होने के कारण वह सफल नहीं हुआ। हमले में वह गिर गया। उसके बाजवूद हमलावर उस पर वार करते रहे। परिजनों ने बताया कि नवीन पर हमले की सूचना मिलने पर उसकी मां सावित्री व ताऊ राजबीर दौडकर मौके पर पहुंचे और बीच बचाव करने लगे लेकिन हमलावरों ने नवीन को छोड़ने की बजाय उन पर भी हमला कर दिया। इससे वे दोनों भी घायल हो गए। उसके बाद हमलावर धमकियां देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक साक्ष्य जुटाए और जांच शुरू की। परिजनों ने पुलिस व चिकित्सकों पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं।

## पितृ दिवस पर मुख्यमंत्री का श्रद्धा-संदेश

# 'पिता के संस्कारों ने जीवन में आगे बढ़ने की ताकत दी'

एजेंसी

**गुवाहाटी।** पितृ दिवस के अवसर पर असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने सभी पिताओं को श्रद्धा और शुभकामनाएं अर्पित कीं। उन्होंने अपने पिता के संघर्षों और त्याग को याद करते हुए कहा कि एक पिता अपने बच्चों के लिए जो कष्ट और बलिदान करता है, वह वास्तव में अतुलनीय होता है। मुख्यमंत्री ने लिखा, 'जीवन के हर मोड़ पर छांव बनकर साथ खड़े रहने वाले हमारे पिता ही होते हैं। मेरे जीवन को संवारने में पिता के दिशा-निर्देश किसी आशीर्वाद से कम नहीं रहे। मेरे भीतर जो मूल्यबोध उन्होंने रोपा, वही आज मुझे जीवन के रास्ते पर



साहस से आगे बढ़ने की शक्ति देता है।' इस पावन दिवस पर मुख्यमंत्री ने सभी पिताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उन्हें सादर नमन किया।

### पुणे में चार बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**मुंबई।** पुणे जिले कोंढवा इलाके में आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने सेना के खुफिया विभाग की मदद से चार बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। चारों अवैध रूप से भारत में घुस आए थे और पिछले चार महीने से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कोंढवा इलाके में रह रहे थे। मामले की छानबीन कर रहे पुलिस अधिकारी ने रविवार को मीडिया को बताया कि आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) को सेना के खुफिया विभाग से इन चारों के भारत में अवैध रुप से आने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इसी वजह एटीएस, सेना और कोंढवा पुलिस स्टेशन ने मिलकर संयुक्त रुप से कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को एक को गिरफ्तार किया था। पकड़े गए आरोपित की निशानदेही पर शनिवार को अन्य तीनों को गिरफ्तार किया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस : नमोघाट पर योग सप्ताह शुरू,करें योग रहें निरोग का संदेश

एजेंसी

**वाराणसी ।** 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार से नमोघाट पर योग सप्ताह की शुरूआत हुई। घाट पर 'एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग' थीम पर आधारित योग सप्ताह में अलसुबह से विशिष्ट जनों का जमावड़ा होने लगा। आयुष मंत्रालय के योगा प्रोटोकॉल के तहत योगाचार्य अभय स्वाभिमानी, आशीष, रक्षा कौर, दीपिका दबे की देखरेख में जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष/ एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, एमएलसी धर्मेंद्र राय, शहर दक्षिणी के विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी, कमिश्नर एस. राजलिंगम, जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु



नागपाल,गोवर्धन पूजा समिति अध्यक्ष विनोद यादव 'गप्पू', पूर्व महामंत्री पारस यादव 'पप्पू' सहित अन्य लोगों ने योगाभ्यास कर करें योग रहे निरोग का संदेश दिया।


जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने लोगों से योग को अपने जीवन में अपनाने का आग्रह किया। इसके पहले गोवर्धन पूजा समिति के पदाधिकारियों ने अतिथियों को केसरिया साफा पहनाकर स्वागत किया। बताते चले योग सप्ताह में नमोघाट के साथ अन्य गंगा घाटों, स्वास्थ्य केन्द्रों, पार्कों, ब्लॉकों से लेकर ग्राम पंचायत स्तर पर भी योग प्रतियोगिता होगी। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन के साथ भाजपा और विभिन्न संगठनों ने भी पूरी तैयारी की है।

# नेपाल आज से भारत के रास्ते बांग्लादेश को 40 मेगावाट बिजली निर्यात करेगा

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल, भारत और बांग्लादेश के बीच हुए त्रिपक्षीय समझौते के तहत आज 15 जून से भारत के रास्ते नेपाल ने बांग्लादेश को 40 मेगावाट बिजली के निर्यात करने का काम शुरू किया है।

पिछले वर्ष हुए इस समझौते के बाद 15 नवंबर को आखिरी दिन बिजली निर्यात का सफल परीक्षण किया गया था। आज 15 जून को इसकी औपचारिक शुरूआत की गई है। नेपाल विद्युत प्राधिकरण की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक आज मध्य रात 12:00 बजे से बांग्लादेश को 40 मेगावाट बिजली निर्यात की शुरूआत की गई। नेपाल विद्युत प्राधिकरण के कार्यकारी निदेशक हितेंद्र शाक्य




के मुताबिक 15 नवंबर तक प्रतिदिन बांग्लादेश को 40 मेगावाट बिजली निर्यात की जाएगी। भारत के रास्ते यह बिजली बांग्लादेश के सीमावर्ती क्षेत्र तक निर्यात की जा रही है।

नेपाल से निर्यात की गई बिजली बिहार के मुजफ्फरपुर से होते हुए बांग्लादेश के बहरामपुर भेडमारा 400 ट्रांसमिशन लाइन के जरिए भेजा जा रहा है। नेपाल के ऊर्जा मंत्री दीपक खड़का ने कहा कि अब तक सिर्फ भारत को ही निर्यात की जा रही बिजली अब बांग्लादेश में भी शुरूआत होना नेपाल के ऊर्जा क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

नेपाल, भारत और बांग्लादेश के बीच हुए त्रिपक्षीय समझौते के मुताबिक हर वर्ष 15 जून से 15 नवंबर तक नेपाल, भारत के रास्ते बांग्लादेश को बिजली निर्यात कर सकता है। नेपाल से विद्युत खरीद के लिए बांग्लादेश प्रति यूनिट 6.4 सेंट के दर से पैसे भुगतान कर रहा है। भारत के प्रसारण लाइन का प्रयोग करने पर उसे अलग से भुगतान करना पड़ेगा। नेपाल सरकार ने 2035 तक 28000 मेगावाट बिजली का उत्पादन कर 10000 मेगावाट बिजली भारत को, 5000 मेगावाट बिजली बांग्लादेश तथा 3000 मेगावाट बिजली नेपाल में खपत के लिए प्रयोग में लाने का लक्ष्य रखा है।

# भाजपा सांसद अभिजीत गांगुली अस्पताल में भर्ती

**कोलकाता।** भाजपा सांसद और पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गांगुली की शनिवार रात अचानक तबीयत खराब होने पर उन्हें अलीपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार को अभिजीत गांगुली को अचानक उल्टी और पेट में तेज दर्द



होने लगा। ऐसी हालत में उन्हें अलीपुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। भाजपा सांसद फिलहाल वहीं भर्ती हैं। मेडिसिन विभाग के डॉक्टरों की निगरानी में इलाज शुरू हो गया है। सर्जरी विभाग के डॉक्टर भी उनकी निगरानी कर रहे हैं। डॉक्टरों के मुताबिक उनके पेट में तेज दर्द हो रहा था। घर में भी उन्होंने कई बार उल्टी की है। सभी जरूरी जांच शुरू कर दी गई हैं। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक फिलहाल उनकी हालत कुछ स्थिर है। अभिजीत बाबू डॉक्टरों की निगरानी में हैं। वर्तमान में अभिजीत गांगुली की उम्र 62 वर्ष है। नतीजतन, उन्हें उम्र से संबंधित समस्याएं हैं। साथ ही, माना जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों में भीषण गर्मी और खान-पान की समस्याओं के कारण यह घटना हुई होगी। हालांकि, डॉक्टरों ने उनकी उल्टी और पेट दर्द का स्पष्ट कारण नहीं बताया है। उल्लेखनीय है कि अभिजीत गांगुली कलकत्ता हाईकोर्ट के जज के पद से इस्तीफा देकर सीधे राजनीति के मैदान में उतर गए हैं। उन्होंने भाजपा के टिकट पर तमलुक निर्वाचन क्षेत्र से 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ा था। उन्होंने तृणमूल उम्मीदवार देबांग्शु भट्टाचार्य को हराकर जीत हासिल की थी।

## सड़क दुर्घटना में दो युवको की मौत

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र के कोटवा-राजपुर मार्ग पर स्थित सिसवा खरार पंचायत के बेलवाडीह गांव के समीप शनिवार रात एक ही बाइक पर सवार दो युवकों की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। मृतक दोनो युवकों की पहचान कोटवा थाना क्षेत्र के जसौली पट्टी पंचायत के मधुआहा गांव के पारस भगत का 18 वर्षीय पुत्र विपिन कुमार व कल्याणपुर थाना के परसौनी वाजिद पंचायत के तेंनुआ गांव निवासी दिनेश पटेल का 17 वर्षीय पुत्र कुंदन कुमार के रूप में हुई है। दोनो मननपुर गांव की तरफ से आ रहे थे। इसी दौरान तेज गति से आ रही बाइक अनियंत्रित होकर एक घर की चारदीवारी व बिजली के पोल के बीच जाकर फंस गई। जिससे दोनो युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घंटो मशक्कत के बाद पुलिस ने बिजली के पोल और घर की चारदीवारी के बीच फंसे दोनो मृत युवकों व क्षतिग्रस्त बाइक को बाहर निकाला। उसके



बाद दोनो युवकों को पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया है। घटना की सूचना मिलते ही दोनो युवको के गांव में मातमी सन्नाटा पसरा है कुंदन की मां किरण देवी का रोरोकर बुरा हाल है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक दोनो युवक काफी निर्धन परिवार के है,दोनो बिजली मिस्त्री का काम कर परिवार का भरण पोषण करते थे।

परसौनी वाजिद पंचायत के तेनुआ निवासी कुंदन पांच भाई एक बहन में दूसरे नंबर पर था। वहीं जसौली पटी के मधुआहा निवासी विपिन छह भाई व एक बहन में सबसे छोटा था। थानाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए भेज दिया गया है।

# अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने के मामले में दो गिरफ्तार

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** किशोरी के साथ गलत काम करने के बाद उसका अश्लील वीडियो व फोटो वायरल करने के मामले में पुलिस ने दो युवको को गिरफ्तार किया है।

घटना को लेकर मोतिहारी नगर थाना के एक मुहल्ला निवासी किशोरी की पिता ने नगर थाना में एफआईआर दर्ज करायी है।इसमें बंजरिया थाना क्षेत्र के सिघिया सागर निवासी ओजैर आलम, सोहैल आलम सहित तीन लोगों को आरोपित किया गया है। पीड़िता के पिता ने आवेदन में कहा है कि उसकी पुत्री की शादी की चर्चा ओजैर आलम के साथ चल रही थी। इस बीच ओजैर आलम उसकी पुत्री का मोबाइल नंबर, इंस्टाग्राम का यूजर आई डी व पासवर्ड




बहला-फुसलाकर ले लिया। करीब तीन माह पूर्व जब उसकी पुत्री कोचिंग जा रही थी।इसी बीच आरोपित ने उसकी पुत्री को कोल्ड ड्रिंक्स में कुछ मिलाकर पिला दिया। बेहोशी की हालत में गलत संबंध बनाया तथा उसका वीडियो व फोटो खींच लिया। कुछ दिन बाद जब उसे पता चला कि आरोपित औजेर आलम हथियार की खरीद फरोख्त के साथ ही अन्य अपराधिक कार्य में संलिप्त रहता है, तो उसने शादी करने से इंकार कर दिया। इसके बाद आरोपित उसकी पुत्री व उसपर शादी का दबाव बनाने लगे। मना करने पर उसकी पुत्री का अश्लील वीडियो वायरल कर दिया। घटना के बाद मेरी पुत्री को गहरा मानसिक आघात पहुंचा है,और वह आत्महत्या पर उतारु हो गई है, बाद में उसने आरोपित से मिलकर वीडियो डिलिट करने को कहा तो आरोपित हथियार से फायरिंग का वीडियो दिखाते हुए धमकी देने लगा। नगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन ने बताया कि पीड़िता के पिता के आवेदन पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया है।वही इस घटना के मुख्य दो आरोपित ओजैर आलम तथा सोहैल आलम को बंजरिया थाना के सहयोग से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।जबकि अन्य आरोपितो के विरूद्ध छापेमारी की जा रही है।

न्यूज ब्रीफ



## उपायुक्त ने आम्रपाली आम बाजार में विक्रय के लिए किया लॉन्च

**गुमला :** जिला मुख्यालय स्थित आज सप्ताहिक बाजार शनिवार के दिन चंदाली स्थित जिला समाहरणालय में जिले की उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने गुमला की विशेष पहचान आम्रपाली आम को आम नागरिकों के बीच विक्रय हेतु लॉन्च किया।

आम्रपाली आम गुमला के स्थानीय बाजार सहित जिला समाहरणालय स्थित गुमला हाट में भी विक्रय हेतु उपलब्ध रहेगा । आम्रपाली आम गुमला के सुदूर क्षेत्रों के आम बागानों में उत्पादित और महिला समूहों के सदस्यों के द्वारा सीधे हांथों से सावधानी पूर्वक चुन कर और पैक कर पलाश ब्रांड के तहत जे. एस. एल. पी. एस. संपोषित बसिया पालकोट फारमर प्रोडयुसर कंपनी लिमिटेड के माध्यम से बाजार में प्रस्तुत किया गया है।

## प्रतिदिन विद्यालयों में एट रेंडम वीडियो कॉल कर शिक्षकों की वास्तविक स्थिति की जांच करवाएं: उपायुक्त



**दुमकाः** उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में शनिवार को शिक्षा विभाग की बैठक की गई। उन्होंने शिक्षा विभाग एवं सर्व शिक्षा अभियान की मासिक समीक्षा करते हुए के ई विद्यावाहिनी में उपस्थिति नहीं बनाने वाले शिक्षकों के भौतिक सत्यापन कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी बीईओ को निर्देश दिया कि वे संबंधित विद्यालय में स्वयं जाकर उसकी वास्तविक स्थिति का प्रतिवेदन तैयार करेंगे। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि एक शेल का गठन कर प्रतिदिन विद्यालयों को एट रैंडम वीडियो कॉल कर शिक्षकों की वास्तविक उपस्थिति की जांच करवाएं। जो शिक्षक फोन नहीं उठाते या विद्यालय से अनुपस्थित पाए जाते हैं उन पर तत्काल कार्रवाई करें। उन्होंने मासिक पाठ्यक्रम मध्याह्न भोजन योजना पाठ्य पुस्तक साइकिल वितरण कार्यक्रम की वास्तविक स्थिति विद्यार्थियों को फोन कर जांच कराने का निर्देश दिया। उन्होंने निदेश दिया कि विद्यालय विकास मद में बहुत बड़ी राशि बिना उपयोग पड़ी हुई है इसके लिए आवश्यक बैठक कर बेंच डेस्क चारदीवारी आदि मूलभूत सुविधाओं के निर्माण में इसका व्यय किया जाए ।स्थानीय विधायक चूंकि विद्यालय विकास समिति के सदस्य होते हैं अतः माननीय विधायकों से इस संबंध में पत्राचार करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि संबंधित कनीय अभियंता इस संबंध में प्राक्कलन तैयार कर लेंगे। तथा विकास कोष की राशि किस कार्य में व्यय किया गया है उसके पूर्व एवं बाद की स्थिति का फोटो सहित आवश्यक दस्तावेज समर्पित करेंगे। उन्होंने पलाश बहु भाषी शिक्षण कार्यक्रम के संबंध में निर्देश दिया कि जिन स्कूलों में यह कार्यक्रम चल रहा है वहां प्रतिदिन नब्बे मिनट की पढ़ाई अनिवार्य रूप से किया जाए। इसे पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा उनकी पहली प्राथमिकता है इसलिए वे विद्यालयों का औचक निरीक्षण करेंगे। कार्यालयों में भी सभी आवश्यक दस्तावेज व्यवस्थित रूप से पाया जाना चाहिए। यदि किसी विद्यालय या कार्यालय में निरीक्षण के दौरान कोई गड़बड़ी पकड़ी गई तो वे तत्काल कार्रवाई करेंगे। उन्होंने मैट्रिक एवं इंटर परीक्षा परिणाम की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में आवश्यकता अनुरूप अंग्रेजी माध्यम के शिक्षक प्रतिनियोजन का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त इन्होंने बच्चो का प्रोग्रेशन ,मध्याह्न भोजन योजना ,आउट ऑफ स्कूल बच्चे बीआरपी सीआरपी के स्कूल विजिट समावेशी शिक्षा आदि कार्यों की समीक्षा की तथा ससमय सारे कार्य पूरा करने का निर्देश दिया । उन्होंने कहा कि कार्य में लापरवाह लोग उन्हें सख्त नापसंद हैं और वे बिना कारवाई किए छोड़ने वाले नहीं है इसलिए आप सावधान हो जाएं एवं अपनी कार्यपद्धति को बदल लें । इस समीक्षा बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी दुमका भूतनाथ रजवार जिला शिक्षा अधीक्षक आशीष कुमार हेंब्रम सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी श्याम सुंदर मोदक अमर प्रकाश तूती रंजन डॉन वंदना भट्ट सुबल चंद्र कपूर पलाश की राज्य स्तरीय प्रतिनिधि पल्लवी शॉ सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी डाइट के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## सभी आंगनबाड़ी केंद्र में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करें: डीसी

**दुमकाः** केन्द्र सरकार द्वारा संचालित आँगनबाड़ी केन्द्र बच्चों एवं धातृ महिलाओं के समग्र विकास का एक महत्वपूर्ण केन्द्र बिन्दु है। इसके माध्यम से बच्चों को पूरक पोषाहार, प्री स्कूल शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण शिक्षा, टीकाकरण तथा स्वास्थ्य जांच आदि सेवाएँ प्रदान की जाती है। आँगनबाड़ी केन्द्र के माध्यम से संचालित कार्यक्रमों को शत्प्रतिशत लागू करने में सेविका, सहायिका, महिला पर्यवेक्षिका तथा बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों की प्रमुख भूमिका होती है।

उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने बताया कि ऐसी सूचनाऐ मिलती हैं कि जिला अन्तर्गत कई आँगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों एवं धातृ महिलाओं को उपलब्ध कराये जाने वाले सुविधाओं को ससमय प्रदान नहीं किया जाता है, फलस्वरूप बच्चों एवं धातृ महिलाओं के समग्र विकास में प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसलिए सभी आँगनबाड़ी केन्द्रों का नियमित पर्यवेक्षण करने की आवश्यक है।

इसी संदर्भ में उपायुक्त श्री सिन्हा ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, दुमका को निदेश दिया है कि जिला अन्तर्गत संचालित सभी आँगनबाड़ी केन्द्रों में विडियो कॉल के माध्यम से सम्पर्क स्थापित करने के निमित्त सभी आँगनबाड़ी केन्द्रों में विडियो कॉन्फ्रेसिंग की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। साथ ही जिला अन्तर्गत संचालित सभी आँगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों एवं धातृ महिलाओं को आँगनबाड़ी केन्द्रों में उपलब्ध कराये जाने वाले सुविधाओं के संदर्भ में विडियो कॉल के माध्यम से सम्पर्क स्थापित करने हेतु टीम गठित करें।

# पानी मांगने के बहाने आये युवक ने टांगी से काटकर की महिला की हत्या

### आरोपी गिरफ्तार,जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता

**गुमला :** जिला अंतर्गत स्थित चैनपुर - कुरूमगढ़ पिकेट थाना क्षेत्र के कमलपुर ग्राम निवासी 21 वर्षीय महिला रीना देवी की टांगी से काटकर हत्या कर दी गयी। ज्ञात हो कि महिला के घर पानी मांगने के बहाने , हराकरचा ग्राम निवासी बलीराम नामक एक व्यक्ति पहुंचा । रीना ने जैसे ही उसकी तरफ पानी का ग्लास बढ़ाया, बलीराम ने अपने हांथ में लिये हुए उक्त टांगी से लगातार कई वार कर रीना देवी को मौत के घाट उतार दिया। रीना की मौत घटनास्थल पर ही हो गई, । घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी उक्त घटनास्थल से भागने में सफल रहा। बताया जाता है कि उस वक्त रीना देवी के घर में कोई नहीं था, उसके दोनों बच्चे स्कूल गए हुए थे। मृतिका के पति अनिल खड़िया मजदूरी करने के लिए तामिलनाडु गया हुआ है। स्कूल से आने के बाद दोनों बच्चों का



रो-रो कर बुरा हाल है। बलीराम ने रिना की टांगी से मारकर हत्या क्योंकि यह अबतक रहस्य बना हुआ हैं, उक्त हत्याकांड की घटना से पूर्व बलीराम ने गांव के जंगल में जलावन के लिए लकड़ी काट रही , दो महिलाएं , कमलपुर ग्राम की चंद्रमणि देवी और चंदगो ग्राम निवासी कोरबाईन नामक महिला को और एक साढ़े चार वर्षीय मासूम बच्चे को भी टांगी से मारकर जंगल से भागने में सफल रहा और उनका एक टांगी लेकर, वह कमलपुर गांव में रीना देवी के घर में पहुंचकर पानी मांगा और जब रीना पानी देने लगी तो वह टांगी से कट कटकर रिना देवी की निर्ममता पूर्वक हत्या कर घटनास्थल से फरार हो गया। कुरूमगढ़ पिकेट थाना पुलिस को उक्त घटना की सूचना दी गई, उक्त सूचना मिलते ही कुरूमगढ़ पिकेट थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपने दलबल के साथ कमलपुर ग्राम स्थित उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर गहराई से छानबीन और पूछताछ शुरू करते हुए , सर्वप्रथम आरोपी बलीराम को विधिवत रूप से गिरफ्तार करते हुए और रीना देवी के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया गया , जहां पोस्टमार्टम के बाद मृतिका रीना देवी के उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं और उक्त हत्याकांड को अंजाम देने वाले आरोपी बलीराम से गहराई से पूछताछ की जा रही हैं।

## जनजातीय क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को लेकर चलाया जाएगा विशेष अभियानः उपायुक्त

संवाददाता

**दुमकाः** केन्द्र सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा जनजातीय क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को लेकर प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरूआत की गई है। जिले के उपायुक्त, अभिजित सिन्हा ने बताया कि दुमका जिले में जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित प्रधनमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के सफल संचालन और आम लोगों के बीच जागरूकता को लेकर 15 जून 2025 से लेकर 30 जून 2025 तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत जनजातीय टोलों में विशेष विकास शिविर का भी आयोजन किया जाएगा, जिसका मुख्य उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों में अन्तिम व्यक्ति तक सरकार की हर योजनाओं का लाभ दिलाना है। उपायुक्त महोदय



द्वारा इस अभियान को सफल बनाने के लिए विभागीय समन्वय, जन सहभागिता और अनुश्रवण व्यवस्था पर बल दिया गया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का उद्देश्य जनजातीय बाहूल्य गावों और आकांक्षी क्षेत्रों में जनजातीय परिवारों के लिए परिपूर्णत्ता कवरेज अपनाकर जनजातीय समुदायो की सामाजिक आर्थिक स्थिति में सुधार करना और उन्हें केन्द्रों और राज्य सरकार के विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर लाभ दिलवाना है।

**इन योजनाओं का मिलेगा लाभः-**

1. पहाचान एवं बुनियादी दस्तावेजः- जाति प्रमाण पत्र, निवासी प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड।
2. खाद्य एवं पोषण सुरक्षाः- राशन कार्ड एवं पोषण अभियान।
3. स्वास्थ्य एवं बीमाः- आयुष्माण भारत, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, टी0वी मुक्त भारत, मिशन इन्द्रधनुष
4. वित्तीय समावेशन एवं आर्थिक सशक्तिकरणः- प्रधानमंत्री जनधन योजना, स्टार्ट-अप योजना, मुद्रा योजना, वनधन योजना एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना।
5. कृषि एवं आजीविकाः- किसान क्रेडिट कार्ड, पी0एम0-किसान एवं मनरेगा।
6. सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याणः- वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना। इस योजना का संचालन हेतु प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर कैंप का आयोजन करायेंगे एवं पंचायत स्तर के कर्मि गांव-गांव जाकर इसका व्यापक प्रचार प्रसार करेंगे।

### धरती आबा जनभागीदारी अभियान

## जागरूकता रथ रवाना, गांवों में होगा विशेष शिविरों का आयोजन



संवाददाता

**गुमला :** धरती आबा जनभागीदारी अभियान के तहत आज गुमला जिला मुख्यालय स्थित चंदाली समाहरणालय परिसर से उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित, परियोजना निदेशक आईटीडीए रीना हांसदा, जिला कल्याण पदाधिकारी आलोक कुमार एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी सहित अन्य अधिकारियों ने संयुक्त रूप से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अभियान 15 से 30 जून 2025 तक जिले के चिन्हित 616 जनजातीय बहुल गांवों में संचालित किया जाएगा।

इस अभियान का उद्देश्य विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों एवं अनुसूचित जनजाति बहुल गांवों को केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करना है। अभियान के अंतर्गत ग्राम स्तर पर विशेष शिविर आयोजित कर पात्र लाभुकों को योजनाओं से जोड़ने की कार्रवाई की जाएगी।

इन शिविरों में आधार पंजीकरण, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम जनधन योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, पीएम नेशनल डायलिसिस प्रोग्राम, पीएम आवास योजना सहित राज्य सरकार की योजनाओं से लाभ दिलाया जाएगा।

उपायुक्त गुमला प्रेरणा दीक्षित ने कहा कि यह अभियान सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की सशक्त पहल है। जनजातीय समाज की सामाजिक-आर्थिक उन्नति ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रशासन का लक्ष्य 15 नवंबर 2025 तक जिले के सभी पात्र नागरिकों को इन योजनाओं से पूर्णतः आच्छादित करना है।

परियोजना निदेशक रीना हांसदा ने बताया कि जनजागरूकता के उद्देश्य से जागरूकता रथ के माध्यम से गांव-गांव तक योजना संबंधी जानकारी पहुंचाई जाएगी और लोगों को शिविरों में भाग लेने हेतु प्रेरित किया जाएगा। प्रत्येक शिविर में विभागीय कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई है ताकि मौके पर ही पात्र व्यक्तियों का पंजीकरण व लाभ वितरण किया जा सके।

जिले वासियों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी शिविरों में पहुंचकर सरकार की योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं और इस जनकल्याणकारी अभियान को सफल बनाएं।

## रक्तदान के लिए आगे आएं छात्र और युवा : डॉ. अमरेंद्र



**दुमकाः** विश्व रक्तदान दिवस मौके पर के लिए विद्यार्थियों और लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी की ओर से शनिवार को जिला स्कूल दुमका में स्वैच्छिक रक्तदान जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ. राजकुमार उपाध्याय ने रक्त एवं रक्तदान के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दी। उन्होंने रक्तदान के इतिहास पर चर्चा करते हुए बताया कि पहला ब्लड बैंक 1936 में स्पेन के बेसून में स्थापित किया गया जबकि 1962 में भारत में पहला रक्तदान शिविर कोलकाता के यादवपुर विश्वविद्यालय में लगाया गया। रक्त में 55 प्रतिशत प्लाज्मा और 45 प्रतिशत डब्ल्यूबीसी, आरबीसी व प्लेटलेट्स होता है। पुरुष के शरीर में 76 एमएल प्रति किलोग्राम और महिला के शरीर में 66 एमएल प्रति किलोग्राम रक्त होता है। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ अमरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि सूई या खुन देखने से डर के कारण भी लोग रक्तदान नहीं करते हैं। जरूरत के समय यदि खून नहीं मिलता है तो तब लोगो को इसका महत्व समझ में आता है। रक्तदान करने से नये सेल्स बनते हैं, कोलेस्ट्रॉल और कार्बन डाई आक्साइड शरीर से निकल जाता है। जबकि आक्सीजन की मात्रा बढ़ जाती है। नियमित रूप से रक्तदान करनेवालों को दिल संबंधी बीमारी नहीं होती। रक्तदान के तीन दिनों के अंदर 55 प्रतिशत प्लाज्मा की भरपाई हो जाती है। जबकि 14 से 21 दिनों में ब्लड सेल भी रिकवर हो जाता है। उन्होंने कहा कि सुगर के मरीज भी रक्तदान कर सकते हैं बशर्ते कि उसने 72 घंटे के अंदर दवा नहीं ली हो और हिमोग्लोबिन का स्तर 12.6 से अधिक हो। उन्होंने कहा कि सोसाइटी का प्रयास रहता है कि लोग रक्तदान के महत्व को समझे और नियमित रूप से रक्तदान शिविर लगे ताकि ब्लड बैंक में रक्त की उपलब्धता बनी रहे और रक्त के आभाव में किसी की जान नहीं जाए। उन्होंने छात्र एवं युवाओं से स्वैच्छिक रक्तदान करने के लिए आगे आने की अपील किया। सोसाइटी के संयुक्त सचिव धर्मेंद्र सिंह बिट्टू ने कहा कि 18 में 65 आयु वर्ग का व्यक्ति जिसका चजन 45 किया से अधिक हो और हिमोग्लोबिन 12.5 से अधिक हो साल में तीन से चार बार रक्तदान कर सकता है और रक्तदान के बाद किसी भी तरह के परहेज की जरूरत नहीं होती है। सोसाइटी के संयुक्त सचिव डॉ सिकन्दर कुमार ने बताया कि ब्लड लेने से पहले ब्लड प्रेसर, वजन और हिमोग्लोबिन की जांच की जाती है जबकि ब्लड लेने के बाद एचआईवी, हेपेटाइटिस बी एवं सी, मलेरिया और वीडीआरएल जांच की जाती है ताकि मरीज को जांचा हुआ ब्लड मिले।

### जैक बोर्ड बारहवीं कक्षा की साइंस संकाय परीक्षा

# राज्य में टॉप टेन और जिले की टॉपर बहनों को किया गया सम्मानित





संवाददाता

**चतराः** हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के औरू पंचायत में स्थित सिविल विद्यालय औरुगेरुआ की ओर से झारखण्ड बोर्ड बारहवीं कक्षा की साइंस संकाय परीक्षा में राज्य में टॉप टेन में रही और जिला टॉपर रही दोनों बहनों को विशेष तौर पर सम्मानित किया गया।राज्य में आंठवा रैंक व नौवां रैंक वही जिले में पहले स्थान और दूसरे स्थान प्राप्त करने वाली दोनो बहन स्नेहा और नेहा को सिविल विद्यालय की ओर से विशेष तौर पर सम्मानित करने के उपरांत उन्हें किताबें और आर्थिक मदद भेंट की गई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनोद कुमार यादव ने कहा कि अगर समाज को शिक्षित करना है तो हमें लड़कियों को पढ़ाना बहुत जरूरी है और आज के समय में किसी भी क्षेत्र में लड़कियां लड़कों से पीछे नहीं हैं। ज्ञात हो कि प्रखण्ड क्षेत्र काशीकेवाल निवासी प्रमोद यादव के दोनों बेटियों ने 12वीं बोर्ड साइंस की परीक्षा परिणाम में परचम लहराया थी।मौके पर विकास सिंहा अरविन्द सिन्हा, शिक्षक राजेश कुमार, सोनाक्षी सिन्हा, अमिशा कुमारी, रानी कुमारी, शिवानी कुमारी आदि सैकड़ों छात्र - छात्रा सहित स्कूल कर्मचारी उपस्थित थे।



## मादक पदार्थों के विरुद्ध जनजागरूकता अभियान के तहत स्कूलों में पेंटिंग एवं पोस्टर प्रतियोगिता

**गुमला :** जिला प्रशासन, द्वारा उपायुक्त गुमला प्रेरणा दीक्षित के नेतृत्व में निषिद्ध मादक पदार्थों के उपयोग के विरुद्ध व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला के तत्वावधान में जिले के उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में पेंटिंग एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो ने बताया कि उपायुक्त गुमला के निदेर्शानुसार तथा राज्य स्तरीय कार्ययोजना के तहत जिला परियोजना कार्यालय के दिलदार सिंह के समन्वय में पूर्व में आयोजित प्रभातफेरी, स्लोगन राइटिंग एवं क्विज प्रतियोगिता के बाद आज विद्यार्थियों को मादक पदार्थों के दुष्प्रभाव तथा बचाव उपायों से अवगत कराने हेतु यह रचनात्मक गतिविधि आयोजित की गई।

इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य छात्रों में नशे के खिलाफ जागरूकता विकसित करना तथा उनके रचनात्मक विचारों को अभिव्यक्ति देना है। विद्यालय स्तर पर चयनित विजेता प्रतिभागियों को 26 जून को आयोजित होने वाले केंद्रीय कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा।

उपायुक्त गुमला प्रेरणा दीक्षित ने जिले के सभी सरकारी, अल्पसंख्यक एवं निजी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों से अपील की है कि आज के विद्यार्थी ही कल के भविष्य की भावना के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों को नशे से दूर रखने के लिए सिर्फ जागरूकता ही नहीं, बल्कि नियमित निगरानी, अभिभावकों से संवाद और सहानुभूतिपूर्ण मार्गदर्शन की आवश्यकता है।

उपायुक्त ने सभी स्कूलों से अनुरोध किया कि वे विद्यार्थियों को नशे के खतरे से अवगत कराते हुए एक स्वस्थ, शिक्षित एवं जागरूक समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।